शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 17, पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 12 फरवरी 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## 'इसरो कभी किसी के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं करता'

**बेंगलुरु**
इसरो कभी किसी के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं करता है और अन्य अंतरिक्ष एजेंसियों के साथ मिलकर अच्छा फलता-फूलता है। ये बयान भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के क्षमता निर्माण और सार्वजनिक आउटरीच के निदेशक सुधीर कुमार ने रविवार को दिया। इसरो के भविष्य में रॉकेट लॉन्च के लिए वैश्विक केंद्र बनने की संभावना पर उन्होंने ऐसी प्रतिक्रिया दी। रविवार को बेंगलुरु में एक कार्यक्रम के मौके पर समाचार एजेंसी अठकसे बात करते हुए उन्होंने कहा, 'इसरो कभी किसी के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं करता है। यह एक अंतरिक्ष समुदाय है और विशेष रूप से, अंतरिक्ष समुदाय सहयोग से अच्छी तरह से विकसित होगा। हम नासा और अन्य अंतरिक्ष एजेंसियों के साथ सहयोग कर रहे हैं और एक साथ बढ़ना सबसे अच्छा विकल्प है।'

**वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में भारत की स्थिति सुरक्षित:** बता दें कि भारत पिछले साल अपने चंद्रयान-3 मिशन के साथ चंद्रमा पर सफल रोबोटिक लैंडिंग करने वाला चौथा देश बन गया। इसके बाद भारत के पहले सौर मिशन, आदित्य-एल1 को सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया। इन मील के पत्थर ने न केवल वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में भारत की स्थिति को सुरक्षित किया बल्कि भारत में निजी अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए इंजन को भी बढ़ावा दिया। एक प्रश्न का उत्तर देते हुए इसरो के शीर्ष अधिकारी ने कहा, 'कुछ साल पहले, भारत सरकार ने अंतरिक्ष सुधारों की घोषणा की थी। तब से, भारतीय उद्योग तेजी से बढ़ रहा है।' वह वैश्विक कारोबार पर भी कब्जा कर रहा है। कई स्टार्टअप्स ने यूरोप, दक्षिण अफ़्रीकी और दक्षिण अमेरिकी देशों और मध्य पूर्व में अपने कार्यालयों का विस्तार देखा है। इसलिए, हमें इसमें कोई संदेह नहीं है कि आज इसरो विश्व बाजार में बड़े पैमाने पर आगे बढ़ रहा है।'

## 'अगर हाथ साफ हैं तो जांच एजेंसी के नोटिस का जवाब दें सीएम'

**तिरुवनंतपुरम**
भाजपा ने रविवार को केरल में मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और उनकी बेटी टी वीणा से एसएफआईओ द्वारा दिए गए नोटिस का जवाब देने का आग्रह किया है। दरअसल, केरल के सीएम और उनकी बेटी ने अपनी बंद हो चुकी आईटी कंपनी को लेकर लगे गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय की जांच के खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटाया है।

# प्रभु श्रीराम की भक्ति में डूबे विधायक

## दर्शनों के लिए सीएम योगी का जताया आभार, समाजवादी पार्टी को छोड़कर सभी दलों के विधायक प्रभु श्रीराम के दर्शनों को पहुंचे अयोध्या





**लखनऊ**
सीएम योगी और विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना के आग्रह पर रविवार को समाजवादी पार्टी को छोडकर सभी दलों के विधायक और योगी सरकार के विधायक, मंत्री प्रभु श्रीराम लला के दर्शन करने अयोध्या पहुंचे। इस अवसर पर परिवहन निगम की लग्जरी बसों में सवार सभी विधायकों ने इस पुण्य कार्य के लिए सीएम योगी का आभार जताया। सत्ता पक्ष के साथ साथ विपक्षी दलों के विधायक भी पूरी तरह राम धुन में मगन दिखाई दिए। उल्लेखनीय है कि अयोध्या दर्शन करने पहुंचे विधायकों में बीजेपी के सहयोगी दलों के साथ साथ आरएलडी, बसपा और कांग्रेस के भी विधायक शामिल हुए। जिन बसों से विधायकों को अयोध्या ले जाया गया, उन बसों के अंदर रामधुन भी बजाई गई। तमाम तरह के फूल लगाए गए हैं। खाने-पीने की व्यवस्था भी की गई है। इसके अलावा मंत्रियों और विधायकों को मेमोरी के लिए एक बैग दिया जा रहा है, जिसमें एक डायरी, एक कैलेंडर और पेन इत्यादि रखा हुआ है।

**ऐतिहासिक और कभी न भूलने वाला क्षण**
इस अवसर पर बीजेपी और घटक दलों के विधायकों ने कहा कि यह 500 वर्षों बाद बड़ा पुनीत कार्य हुआ है। हम सबने सपना देखा था की एक दिन प्रभु श्रीराम का मंदिर बनेगा और आज न सिर्फ मंदिर बन गया है, बल्कि दर्शन का अवसर भी मिल रहा है। आज उत्तर प्रदेश कि सरकार बड़े सरकार के दरबार में हाजिरी लगाने जा रही है। इसके लिए हम सभी सीएम योगी के प्रति आभार जताते हैं, क्योंकि ये उन्हीं का विजन था कि पूरी सरकार और सभी दलों के विधायकों को एक साथ प्रभु श्रीराम के दर्शन कराए जाएंगे।

यह ऐतिहासिक और कभी न भूलने वाला क्षण है। पीएम मोदी और सीएम योगी को इतिहास हमेशा याद रखेगा। एक विधायक ने बताया कि दर्शनों का इतना उत्साह था की रात भर नींद भी नहीं आई।

### व्यवस्था से गदगद हुए विधायक...



**इस मौके** पर मीडिया से बातचीत में कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि अवध से हमारा पुराना रिश्ता है। बचपन से यहां आती रही हूं। आज दर्शन का बहुत ही पुण्य अवसर है। वहीं बसपा के विधायक उमाशंकर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष का आभार जताते हैं कि उन्होंने यह अवसर उपलब्ध कराया है। जो व्यवस्था की गई है वो अद्भुत है। उन्होंने कहा कि सपा के लोग इस मुद्दे पर राजनीति कर रहे हैं। हमारी पार्टी सेक्युलर है।

हम सभी धर्मों का सम्मान करते हैं। वहीं निषाद पार्टी के अध्यक्ष और सरकार में मंत्री संजय निषाद ने कहा कि आज बहुत बड़ा दिन है। जैसे विधानसभा में सभी दल एक साथ बैठते हैं उसी तरह आज पूरी विधानसभा प्रभु राम के दर्शन करने जा रही है। प्रभु राम के साथ निषादराज का बहुत भावुक संबंध था और ये मेरा सौभाग्य है की इतने वर्षों बाद प्रभु के दर्शन करने का अवसर मिल रहा है।

### जय श्री राम के नारों के साथ जनप्रतिनिधियों का किया स्वागत



**अयोध्या धाम में** रामलला के दर्शन के लिए यूपी के विधायक और मंत्रियों का काफिला सुबह करीब 9 बजे 10 लग्जरी बसों से लखनऊ से रवाना हो गया। रास्ते में बाराबंकी में सभी जनप्रतिनिधियों के नाश्ते की व्यवस्था की गई थी, जहां पर नाश्ता करने के बाद जय श्रीराम के उद्घोष के साथ सभी आगे के लिए रवाना हो गए। विधायकों और मंत्रियों का काफिला करीब 11.30 बजे अयोध्या पहुंचा जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से अयोध्या धाम पहुंचे। वहीं विधायक और मंत्रियों का समूह जैसे ही श्रीरामजन्म भूमि पहुंचा, वहां पर पहले से मौजूद स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा और जय श्री राम के नारों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान उत्साहित जनता ने बुलडोजर पर सवार होकर पुष्पवर्षा की। वहीं बसों पर सवार विधायक, मंत्री हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन स्वीकार करते रहे। जय श्री राम के नारों से पूरा वातावरण राममय हो गया। लंबी कतार में खड़ी महिलाओं ने भी पुष्प वर्षा कर यूपी के विधायकों का स्वागत किया। इस दौरान लोक कला के कलाकरों द्वारा अलग अलग विधा से लोक नृत्य के जरिये सभी जनप्रतिनिधियों का अभिनंदन किया गया। इतना ही नहीं स्कूल के बच्चे भी जनप्रतिनिधियों का स्वागत करते नजर आए। विधायकों और मंत्रियों को गेट नंबर 11 से प्रवेश दिया गया।

## हम शिवाजी महाराज से जुड़े हैं, मुगल से नहीं: सीएम योगी

**मुंबई**
उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराष्ट्र के पुणे में रविवार को गीता भक्ति अमृत महोत्सव में शामिल हुए। इस महोत्सव का हिस्सा बनकर उन्होंने कहा कि भक्ति और शक्ति के संगम से 500 साल की गुलामी की गाथा को तोड़कर आयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ है। योगी आदित्यनाथ ने इसी के साथ मुगल सम्राट औरंगजेब को चुनौती देने के लिए मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज की भी सराहना की।

**भक्ति और शक्ति एकसाथ मिल गए: योगी आदित्यनाथ**
बता दें कि इस साल 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम भव्य तरीके से आयोजित किया गया था। आदित्यनाथ ने कहा, 'आज शक्ति और भक्ति दोनों एकसाथ मिल गए।' उन्होंने आगे कहा, 'भक्ति और शक्ति के संगम से 500 वर्षों की गुलामी की गाथा को तोड़कर अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ। हमें इस भव्य कार्यक्रम को देखने का मौका मिला।' सीएम आदित्यनाथ ने कहा कि महाराष्ट्र के लोग भाग्यशाली हैं क्योंकि उन्हें सदियों से संतों का आशीर्वाद मिल रहा है। उन्होंने बताया कि समर्थ रामदास ने इसी धरती से छत्रपति शिवाजी महाराज को पैदा किया था, जिन्होंने मुगल बादशाह औरंगजेब को चुनौती दी थी और उन्हें मरने के लिए छोड़ दिया था। जिसकी आज तक किसी ने चिंता नहीं की।



## हड़प्पा काल के मिले हथियार, पूर्व डीजीपी की पहल से देश में पहली बार हुई कार्बन डेटिंग

**लखनऊ** । इंडियन जर्नल ऑफ आर्कियोलॉजी लखनऊ के मुख्य संपादक और पूर्व डीजीपी विजय कुमार तथा शहजाद राय रिसर्च इंस्टीट्यूट बागपत और बीरबल साहनी इंस्टीट्यूट ऑफ पेलियोसाइंसेज लखनऊ के प्रोफेसर रवि भूषण द्वारा देश में पहली बार कार्बन डेटिंग कर करीब 3610 कैलिब्रेटेड बीपी से लेकर 4328 कैलिब्रेटेड बीपी तक के प्राचीन तांबे के हथियार जनपद शाहजहांपुर के निगोही ग्राम से प्राप्त किया जो अपने आप में बड़ी सफलता है।बताते चले कि कुछ दिनों पहले शाहजहांपुर में कुछ किसान अपने खेतों में कार्य कर रहे थे। तभी उन्हें वहां तांबे के हथियार मिले जब इसकी खबर डॉ अमित राय जैन को लगी तो उन्होंने उसे अपने पास ले लिया और पूर्व डीजीपी और मुख्य संपादक आर्कियोलॉजी लखनऊ विजय कुमार ने वहां की मिट्टी और हथियारों पर अध्ययन कर प्रोफेसर रवि भूषण के पास भेजा जब वहां से मिले हथियार जो करीब 200 से ज्यादा थे, जिसमें ताम्र निधि में तलवार, भाले, कुल्हाड़ियां, छेनी, मानव आकृतियां हस्त रक्षा, कवच, चापड़, चाकू जैसे सामान थे। वहीं पहले भी ऐसे हथियार उत्तर भारत में मिल चुके लेकिन उनके सही समय को पता नही किया जा सका था। बस सिर्फ अनुमान लगाया गया था, लेकिन जब गहनता से जांच पड़ताल कर और पूर्व डीजीपी की पहल से देश में पहली बार कार्बन डेटिंग कराकर तो पता चला कि 3610 से लेकर 4328 के है जो समय करीब मैच्योर हड़प्पा काल से लेकर पूर्व हप्पा तक फैला हुआ है। वहीं अभी इस पर और भी गहनता से शोध किया जा रहा है।



## शाहजहां शेख को लेकर फिर उबल रहा बंगाल



### महिलाओं के शोषण के खिलाफ भाजपा का प्रदर्शन

**कोलकाता**
संदेशखाली में जारी विरोध प्रदर्शन और टीएमसी नेता शाहजहां शेख को लेकर बंगाल की राजनीति में फिर से उबाल आ रहा है। दरअसल पश्चिम बंगाल भाजपा की महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने रविवार को राजधानी कोलकाता में कई पुलिस थानों के सामने धरना प्रदर्शन किया। भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकताओं का आरोप है कि संदेशखाली में टीएमसी नेताओं द्वारा महिलाओं का शोषण किया जा रहा है।

भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं ने कोलकाता में एम्हरेस्ट स्ट्रीट स्थित डिप्टी पुलिस कमिश्नर के ऑफिस के बाहर धरना प्रदर्शन किया। साथ ही शंयमपुकुर पुलिस स्टेशन के बाहर भी विरोध प्रदर्शन किया। महिला कार्यकताओं का आरोप है कि संदेशखाली में स्थानीय टीएमसी नेता लंबे समय से स्थानीय महिलाओं को प्रताड़ित कर रहे हैं और उनका शोषण कर रहे हैं। बता दें कि संदेशखाली में भी महिलाएं बीते कुछ दिनों से टीएमसी नेताओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रही हैं।

महिलाओं का आरोप है कि टीएमसी नेताओं ने उनकी जमीन हड़प ली है और साथ ही उनका शारीरिक शोषण भी कर रहे हैं।

**संदेशखाली में हिंसा के चलते धारा 144 लागू**
महिलाओं को विरोध प्रदर्शन के चलते संदेशखाली में कई जगहों पर धारा 144 लागू कर दी गई है। विरोध प्रदर्शनों के दौरान संदेशखाली में हिंसा भी हुई है। महिलाओं की मांग है कि शाहजहां शेख को गिरफ्तार किया जाए।

## महाराष्ट्र कैबिनेट के मंत्री जल्द करेंगे अयोध्या का दौरा

**मुंबई**
महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पुणे में गीता भक्ति अमृत महोत्सव में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने बताया कि राज्य कैबिनेट के मंत्री जल्द ही उत्तर प्रदेश के अयोध्या का दौरा करेंगे। फडणवीस ने इसे लेकर ज्यादा जानकारी शेयर नहीं की है। बता दें कि 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का भव्य कार्यक्रम संपन्न हुआ था।

**काशी-मथुरा मंदिर विवाद पर बोले फडणवीस**



काशी और मथुरा में मंदिर विवादों पर सवाल पूछने पर फडणवीस ने कहा, 'जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण करवाया है, उसी तरह कानून के अंतर्गत इसके लिए भी समाधान निकाला जाएगा।' उन्होंने आगे कहा कि मथुरा, काशी और अयोध्या सभी पवित्र स्थल है। राम मंदिर के निर्माण के बाद लोगों के मन में मथुरा में भी विवाद के समाधान की उम्मीद होना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा, 'मुझे यकीन है कि जैसे पीएम मोदी के प्रयासों से राम मंदिर का निर्माण हुआ है, वैसे ही श्रीकृष्ण जन्मभूमि के लिए भी कोई समाधान जरूर निकाला जाएगा।' महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम ने आगे कहा, 'काशी विश्वनाथ में नया कॉरिडोर बनाया गया है और वहां पूजा करने की इजाजत भी दे दी गई है।

## 'ट्रायल कोर्ट को निचली अदालत कहना बंद करें'

**नई दिल्ली**
सुप्रीम कोर्ट ने अपने रजिस्ट्री विभाग को कहा है कि वे ट्रायल कोर्ट को 'निचली अदालत' कहना बंद करें। निर्देश में ये भी कहा गया है कि ट्रायल कोर्ट के रिकॉर्ड को भी निचली अदालत के रिकॉर्ड नहीं कहा जाना चाहिए। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुयन ने दो लोगों की याचिका पर सुनवाई की, जिसमें इलाहाबाद हाईकोर्ट के उन्हें उम्रकैद की सजा सुनाने के फैसले को चुनौती दी गई थी। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि 'इस अदालत की रजिस्ट्री द्वारा ट्रायल कोर्ट को निचली अदालत कहना गलत है। साथ ही ट्रायल कोर्ट के रिकॉर्ड को भी निचली अदालत के रिकॉर्ड नहीं कहा जाना चाहिए। रजिस्ट्रार इस आदेश पर नोटिस लें।' याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने रजिस्ट्री से ट्रायल कोर्ट के रिकॉर्ड की सॉफ्ट कॉपी की मांग की थी और 6 फरवरी को सुनवाई की।

## भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राम मंदिर-अर्थव्यवस्था पर प्रस्ताव

### तीसरी बड़ी इकोनॉमी होने का दावा भी होगा पेश

**नई दिल्ली**
भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 17-18 फरवरी को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होगी। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा की अगुवाई में होने वाली इस बैठक के समापन सत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपना संबोधन देकर भाजपा कार्यकताओं को लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत हासिल करने का मंत्र देंगे। बैठक में देश की अर्थव्यवस्था को ऐतिहासिक स्तर पर पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया जा सकता है। साथ ही राम मंदिर निर्माण पर भी धन्यवाद प्रस्ताव पास किया जाएगा।

**भारत मंडपम क्यों?**



अब तक दिल्ली में आयोजित होने वाली पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी एनडीएमसी या रामलीला मैदान जैसी जगहों पर होती रही है। लेकिन प्रगति मैदान में भारत मंडपम का निर्माण अपने आपमें केंद्र सरकार की एक बड़ी उपलब्धि है। भारत मंडपम में ही जी-20 के राष्ट्राध्यक्षों की बैठक भी आयोजित की गई थी जिसके बाद यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में आया था। कहा जाता है कि इसकी निर्माण कला और तकनीकी अंतरराष्ट्रीय स्तर के मानकों के अनुरूप है। यही कारण है कि भाजपा देश भर से आने वाले अपने कार्यकताओं को इसकी भव्यता दिखाकर इसका संदेश देश के आम लोगों तक पहुंचाना चाहती है। एक अनुमान है कि बीजेपी की इस बड़ी बैठक में नेता-कार्यकर्ता सहित पूरे देश से लगभग 15 हजार पार्टी पदाधिकारी शामिल हो सकते हैं।

**भविष्य का खाका भी होगा पेश**
बीजेपी के एक राष्ट्रीय पदाधिकारी ने अमर उजाला को बताया कि 1989 के पालमपुर अधिवेशन के बाद यह बैठक सबसे महत्त्वपूर्ण होगी। इसमें केंद्र सरकार के दस साल के कामकाज पर एक धन्यवाद प्रस्ताव आ सकता है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को ध्यान में रखते हुए देश को आगे ले जाने का एक खाका भी पेश किया जा सकता है।

# सीएचसी मेजा में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का हुआ शुभारम्भ

## मच्छर के काटने से होने वाला घातक संक्रामक रोग है फाइलेरिया : डॉ बबलू

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेजा में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत प्रधान प्रतिनिधि मेजा जंगीलाल गुप्ता ने शनिवार को लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जंगीलाल ने लोगों से इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग की अपील की। अधीक्षक डा. बब्लू सोनकर ने बताया कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से होने वाला संक्रामक एवं घातक रोग है। बीते 10 से आगामी 28 फरवरी तक चलने वाले इस अभियान में की सफलता के लिए 207 टीमें व 44 सुपरवाइजर लगाए गए हैं, जो घर-घर जाकर दो वर्ष के ऊपर के सभी लोगों को दवा की खुराक देंगे। उन्होंने बताया कि दो से पांच वर्ष के बच्चों को डीईसी एवं एल्बेडाजोल की एक-एक गोली, छह से चौदह साल के किशोर को डीईसी की दो तथा एल्बेडाजोल की एक गोली तथा 15 साल के ऊपर के लोगों को डीईसी की तीन गोली एवं एल्बेंडाजोल की एक गोली की खुराक दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि टीम के समक्ष ही दवा खिलाई जायेगी। बताया कि दो साल के कम उम्र के बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं तथा गंभीर बीमारी से पीड़ित को दवा नहीं खिलाई जाएगी।

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर कांग्रेस पदाधिकारियों की हुई बैठक

**सहसों।** राहुल गांधी द्वारा भारत जोड़ो न्याय यात्रा जनपद प्रयागराज में पहुंच रही है। जिसकी तैयारी को लेकर रविवार को सहसों के रुदापुर स्थित हिन्दुस्तान अतिथि गृह में जनपद स्तरीय पदाधिकारियों की बैठक आहुत कर रणनीति बनाई गई। बैठक को राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्वी जोन के प्रभारी राजेश तिवारी ने बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता बढ़-चढ़कर भाग लें। उन्होंने राहुल गांधी द्वारा न्याय यात्रा का आगामी 18 फरवरी को प्रयागराज में आगमन को लेकर रूपरेखा बनाई। बैठक को उत्तर प्रदेश के महासचिव मनीष मिश्रा, एआईसीसी सदस्य अशफाक अहमद, संजय तिवारी एवं मुकुंद लाल आदि ने भी संबोधित किया। इस मौके पर पूर्व प्रत्याशी विधानसभा मोहम्मद हलीम अंसारी, वरिष्ठ नेता एवं अधिवक्ता देवराज उपाध्याय, अमन मिश्रा भीम, नसीब खान सहित जिला, ब्लाक, न्याय पंचायत के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मऊआइमा खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में दिया गया चार दिवसीय प्रशिक्षण



**मऊआइमा।** मऊआइमा विकास खण्ड के हरिसेनगंज स्थित खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में खंड शिक्षा अधिकारी विमलेश त्रिपाठी के निर्देशन में चार दिवसीय बुनियादी साक्षरता , संख्या ज्ञान प्रशिक्षण, का शुभारंभ किया गया । जिसमे मास्टर ट्रेनर लाल चंद्र वर्मा, शरद मिश्रा, प्रदीप यादव, जगत लाल भारतीय, भारत सिंह तथा टेक्निकल सपोर्ट दिनेश कुमार, अजीत, गेंदी सिंह मिताली तिवारी द्वारा संचालित बुनियादी साक्षरता व संख्या ज्ञान पर विस्तृत प्रकाश डालते हुऐ बताया कि स्कूल व कक्षा से बच्चों का सामाजिक जुड़ाव, संतुलित भाषा, शिक्षण पद्धति, भाषा शिक्षण के घटक आदि पर चर्चा की तथा बताया कि अगला प्रशिक्षण सोमवार से दिया जाएगा।



# हरी मिर्च बेचने जा रहे युवक की डूबने से मौत

**लालापुर।** क्षेत्र के प्रतापपुर गांव से नंदा का पूरा कौशांबी को जोड़ने वाले पीपा के पुल पर सुबह लगभग सात बजे महेन्द्र पुत्र देवराज 30 वर्ष निवासी इसीपुर थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी पीपा पुल में अनियंत्रित होकर यमुना में चला गया।जिससे उसकी मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर लालापुर व सरायअकिल पुलिस मौके पर पहुंची मामला यमुना की बीच धारा में होने के कारण सरायअकिल कौशांबी पुलिस ने शव को खोजबीन के बाद कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।मृतक लालापुर क्षेत्र में फेरी करके मिर्च बेचने का काम करता था।घटना की वजह से पीपा पुल कुछ देर तक बंद रहा।

# क्राइम कंट्रोल एवं पीड़ित को न्याय दिलाना ही प्राथमिकता : रवि कुमार गुप्ता

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** शासन की मंशानुरूप क्राइम कंट्रोल के साथ साथ आम जनता की समस्याओं का समाधान करना एवं उन्हें न्याय दिलाना ही हमारी प्राथमिकता है। उक्त उदगार नवागंतुक सहायक पुलिस आयुक्त मेजा रवि कुमार गुप्ता ने रविवार को स्वयं के कार्यालय में जनहित की समस्याओं की सुनवाई करते हुए प्रेस वार्ता के दौरान ब्यक्त किए। उल्लेखनीय है कि पूर्व में प्रथम पोस्टिंग आगरा में बतौर एसीपी कार्यरत रहे सन 2016 बैच के पीपीएस अधिकारी रवि कुमार को अब मेजा सर्किल की कमान सौंपी गई है। बता दें कि पूर्वाधिकारियों की तुलना में नवागंतुक एसीपी श्री गुप्ता के कार्य करने का कुछ अलग ही अंदाज है। उन्होंने अपनी प्राथमिकताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि आगरा की तुलना में मेजा काफी हद तक शांतप्रिय एरिया है। मेजा में सर्वाधिक राजस्व के मामलों को लेकर विबाद है जिस त्वरित एक्शन लेकर विवाद का निस्तारण करा दिया जाता है। मारपीट के मामलों में पूछे गए सवाल के जवाब में एसीपी ने कहा पीड़ित पक्ष की प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई करते हुए तत्काल प्रभावी कार्यवाही की जाती है और उसका कोई क्रास एफ आई आर भी दर्ज नहीं होती है। महिला सुरक्षा तथा महिलाओं के प्रति आए दिन हो रहे अपराधों पर पूछे गए प्रश्नों के जवाब में उन्होंने कहा कि जिस तरह से शासन महिलाओं के प्रकरण को लेकर पूरी तरह सक्रिय है उसी प्रकार पुलिस भी महिलाओं की सुरक्षा तथा उनके प्रति होने वाले अपराधों में सक्रिय है महिला संबंधी किसी भी मामले में संबंधित थानों में तत्काल एफ आई आर दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। गौरतलब है कि पुलिस विभाग में कानून के दायरे में रहकर पुलिसिंग करने में हमेशा सुर्खियों में रहने वाले एसीपी रवि कुमार का मानना है कि अपराधी कितना ही बड़ा एवं पहुंच वाला क्यों न हो लेकिन गुनाह करने अथवा उसमें वांछित होने की दशा में उसे किसी भी कीमत पर बक्शा नहीं जाएगा ऐसे अपराधियों को टीम गठित कराकर गिरफ्तार कर जेल अवश्य भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि क्राइम कंट्रोल और आम जनमानस का अमन चैन महफूज रहे इसके लिए सर्किल के सभी थाना प्रभारियों को कड़े निर्देश दिए गए हैं। इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि क्राइम कंट्रोलिंग के साथ साथ आम जनता की समस्याओं का समाधान एवं उन्हें न्याय दिलाना ही हमारी प्राथमिकता है।

## जारी चौकी प्रभारी ने संभाला चार्ज, कहा-अपराधियों को संरक्षण देने वालों पर कसा जाएगा शिकंजा

**जारी।** कौंधियारा थाना की जारी चौकी के नए चौकी प्रभारी उप निरीक्षक विपिन कुमार वर्मा ने रविवार को अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता के लिए किसी भी समस्या को लेकर उनके द्वार हमेशा खुले हैं, लेकिन अपराध जगत से जुड़े अपराधी या तो क्षेत्र छोड़कर चले जाए वरना अपराध का अंजाम भुगतने को तैयार रहें।

## न्यूज झरोखा

### दो बाइकों के टकराने से गिरा युवक के सर में गंभीर चोटें आयी हालत नाजुक



**मऊआइमा।** दो बाइकों के टकराने से एक सवार युवक को दूसरे सवार ने टक्कर मारी। जिससे वह अनियंत्रित होकर गिर गया। सिर फटने से गंभीर रूप से घायल हुआ, जिसे ग्रामीणों की मदद से इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ओहरपुर सराय लहुरी निवासी शारदा सिंह पुत्र शिव बहादुर सिंह घर से चकश्याम गांव की ओर जा रहा था ।आदर्श इंटर कॉलेज के सामने दूसरे बाइक से टक्कर में शारदा सिंह अनियंत्रित होकर गिर गया। हेलमेट न होने की वजह से सिर में चोट होने से लहुलुहान बेहोश पड़ा देख भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस और एम्बुलेंस ने घायल को अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने बाइक युवक के घर पर पहुंचाई। ग्रामीणों ने बाइक से गाड़ी के पेपर में लिखे फोन नंबर की मदद से परिजनों को सूचना दी। जख्मी शारदा सिंह की हालत नाजुक बनी हुई है।

### पं. दीनदयाल उपाध्याय की मनाई गई 56वीं पुण्यतिथि



**सहसों।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय सहसों पर गरीबों के मसीहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 56वीं पुण्यतिथि मंडल अध्यक्ष अनिल सरोज की अध्यक्षता में मनाई गई। इस मौके पर उपस्थित भाजपा कार्यकताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं भूमि विकास बैंक फूलपुर के अध्यक्ष वीरेन्द्र बहादुर सिंह ने सच्ची श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि गरीबों के मसीहा एवं अंतिम व्यक्ति तक सभी सुविधाएं प्रदान कर उनके जीवन स्तर में अपेक्षित सुधार लाना तथा समाज में समानता लाना ही पंडित दीनदयाल उपाध्याय का महान कार्य एवं प्रमुख लक्ष्य था। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष अमरनाथ तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष जय प्रकाश दूबे, व्यवसायिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक चंद्रेश कुमार केसरवानी, जिला संयोजक नमामि गंगे भाजपा गंगापार राजधर दूबे, मंडल महामंत्री संजय सिंह, विमल मिश्रा, अमन सिंह राजपूत, संतोष सिंह, रंजना सिंह परिहार, राजेश सरोज, महेश पटेल, अंकित सरोज, रमेश पटेल, पुष्पा देवी, प्रमोद शुक्ला सहित आदि कार्यकर्ता नमन करते उपस्थित रहे।

### महापौर ने युवाओं का किया उत्साहवर्धन



**हनुमानगंज।** अबूसा सरायइनायत स्थित आयुष ऑटो मोबाइल पर आयुष सिंह की अध्यक्षता में महापौर गणेश केसरवानी का जोरदार स्वागत किया गया। महापौर ने स्वागत समारोह के दौरान उपस्थित युवाओं का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि वह क्षेत्र की जनता के लिए पूरी तरह समर्पित है। कार्यक्रम के विशेष अतिथि के रूप में पार्षद कृष्णा पाठक जिला महामंत्री मनोज निषाद, उमेश सिंह, आशीष प्रजापति, मंडल अध्यक्ष राकेश सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष पिंटू गुप्ता, अखिलेश सिंह, जिला अध्यक्ष विश्व हिंदू महासंघ भाजपा नेता दीपू सिंह, राजेंद्र सिंह, रोहित प्रजापति, त्रिलोकी नाथ, बबलू सिंह, सिद्धार्थ सिंह, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र उपाध्याय, राजेश सिंह, ओपी सिंह, विद्या वाहिनी लाला प्रजापति, कार्यक्रम का संचालन वाद्येंद्र सिंह एवं निखिल गुप्ता ने किया।

### खीरी महोत्सव का आयोजन सम्पन्न



**कोरांव।** सामाजिक सरोकार से जुड़ा खीरी महोत्सव का आयोजन खीरी महोत्सव अयोजन समिति द्वारा किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। जिसमें क्षेत्र के सभी विद्यालयों के छात्रों अभिभावकों व ग्राम वासियों में काफी उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में मुक्त अतिथि के रुप में कुंवर उज्ज्वल रमण सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि यमुनापार से हमेशा लगाव रहा है। आगामी लोकसभा चुनाव में यदि जनता का स्नेह मिला तो आप सभी की सेवा में तत्पर रहूंगा। इस मौके पर मुख्य रूप से विधान सभा प्रतिनिधि प्रमोद पयासी, हरी कृष्ण शुक्ल (गुरु जी), कृष्णा केशरी, डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह, आदि लोग उपस्थित रहे।

### ओम साई फिजियोथैरेपी सेंटर द्वारा निशुल्क शिविर का आयोजन



**नैनी।** नैनी कॉटन मिल तिराहा के पास स्थित चिकित्सा शिविर का आयोजन रविवार को ओम साई फिजियोथैरेपी सेंटर द्वारा निशुल्क खून की विभिन्न प्रकार की जांच ईसीजी व फिजियोथैरेपी व आंख की तथा ब्लड प्रेशर जांच के शिविर का आयोजन हुआ जिसमें ओम साई फिजियोथैरेपी सेंटर के डॉक्टर रत्नदीप दुबे द्वारा निशुल्क फिजियोथैरेपी की गई तथा आंख की जांच मो अशहर हाशमी द्वारा की गई तथा फरहा मेडिकल केयर के डॉक्टर मोहम्मद इसक द्वारा मरीजों को निशुल्क दवा का वितरण किया गया जिसमें लगभग 220 मरीज का रजिस्ट्रेशन किया गया खून की जांच पैथ काइंड लैब स्थित नैनी द्वारा किया गया इस प्रकार के कैंप के आयोजन से स्थानीय लोगों के लाभ प्राप्त किया तथा डॉ रत्नदीप दुबे द्वारा आयोजित कैंप की भूरि भूरि प्रशंसा किया गया।

## सीएचसी मेजा के अधीक्षक डॉ बबलू सोनकर ने शिव मंदिर में शिवलिंग की किया प्राण प्रतिष्ठा



**मेजा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेजा परिसर में स्थित शिव मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण होने पर रविवार को पूरे विधि विधान से वैदिक मंत्रोच्चारण एवं पूजा अर्चना के साथ प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम किया गया। उल्लेखनीय है कि सन 1984 में सीएचसी मेजा के उद्घाटन के बाद तत्कालीन आवासीय स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा शिव मंदिर का निर्माण कराया गया था, जो वर्तमान में बहुत जर्जर स्थित में जा पहुंचा था। गौरतलब है कि बीते दो माह पूर्व सीएचसी मेजा की कमान जैसे ही अधीक्षक के रूप में डा.बब्लू सोनकर को मिली वे पुनः शिवमन्दिर के जीणोर्धार के लिए संकल्पित हो गए और चिकित्सक शाश्वत सिंह एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की पहल पर मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए अथक प्रयास करना प्रारंभ कर दिए जिसमें सीएचसी के सभी स्वास्थ्य कर्मियों का भरपूर सहयोग मिला और शिव मंदिर का पुनः जीणोर्धार कार्य शुरू हुआ। जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण होने के बाद रविवार को आचार्य प ० संतलाल दुबे द्वारा पूरे निधि विधान से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना के बाद अस्पताल के अधीक्षक डा बबलू सोनकर ने पूरी श्रद्धा एवं भक्ति भाव से शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा किया। तत्पश्चात लघु भंडारे का आयोजन भी किया गया। इस मौके पर पूर्व प्रमुख जंगीलाल गुप्ता,लालजी मिश्र, डा.शाश्वत सिंह,विनोद कुमार सिंह तथा आशा संघनीय सुमन गुप्ता, मीरा देवी निशा देवी सहित भारी संख्या में आशा मौजूद रहीं।

## सभी वर्गो का हित सपा में है सुरक्षित सोमदत्त सिंह पटेल



**कोरांव।** विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत कोरांव और ग्राम सभा गिरगोठा में दिन रविवार को को समाजवादी पार्टी की पीडीए पखवाड़े के तहत बैठक हुई। बैठक में सपा के मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष सोमदत्त सिंह पटेल जिला पंचायत सदस्य प्रयागराज ने कहा कि सभी वर्गों का हित सपा में ही सुरक्षित है। समाजवादी पार्टी ने हमेशा पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यकों सहित किसानों और नौजवानों के लिए बहुत से कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसान विरोधी सरकार है। भाजपा की गलत नीतियों की वजह से पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक का विकास नहीं हो पा रहा है।बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में इलाहाबाद लोकसभा प्रभारी समाजवादी पार्टी महिला सभा ने कहा कि जिस प्रकार से धर्म के नाम पर देश की जनता को गुमराह करते हुए ठगने का कार्य कर रही है आगामी होने वाले लोकसभा के चुनाव में जनता इसका जवाब अवश्य देने का कार्य करेगी।बैठक का संचालन रविंद्र कुमार जैसल जाटव प्रधान एवम महासचिव समाजवादी पार्टी ने किया।इसी क्रम में सपा नेता पवन सोनकर ने उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त करते हुए लोकसभा चुनाव की तैयारी में लग जाने की अपील किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सत्यभामा मिश्रा ललन सिंह पटेल जिला उपाध्यक्ष सारिका यादव गीता पासी महिला सभा मेहताब खान नगर अध्यक्ष विधानसभा अध्यक्ष सुमन कोल अनीता शुक्ला ब्लाक अध्यक्ष रंजना जैसल सीमा अंसारी रुकशाना अंसारी त्रिवेणी यादव बृजेश यादव जय राजी जैसल भानु पटेल सावित्री जैसल नियाज अहमद तुफैल अहमद उर्मिला देवी रेहाना बेगम आदि मौजूद रहे।



## श्वेता गुप्ता को गंगापार से सपा व्यपार सभा का जिला उपाध्यक्ष बनाया गया

**प्रयागराज।** समाजवादी व्यपार सभा कमलेश गुप्ता जिलाध्यक्ष गंगापार प्रयागराज के द्वारा श्रीमती श्वेता गुप्ता झूँसी आवास विकास कालोनी गंगापार प्रयागराज समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के आदेश से समाजवादी व्यपार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जयसवाल व अनिल यादव जिलाध्यक्ष गंगापार के अनुमति से श्रीमती श्वेता गुप्ता के प्रति निष्ठा एवं विश्वास को देखते हुए जिला प्रयागराज (गंगापार) समाजवादी व्यपार सभा की जिला कार्यकारणी में जिला उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया जाता हैं। आशा हैं कि आप समाजवादी के संगठन को मजबूत एवं प्रभावी बनाने में अपना सहयोग प्रदान करते रहेंगे। श्रीमती श्वेता गुप्ता को जिला उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत होने की जैसे ही समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं को जानकारी हुई ढोल और बाजो के साथ एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुसी का इजहार किया।

# स्वास्थ्य शिविर में 417 मरीजों के सेहत की हुई जांच,दी गई मुफ्त दवाएं

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ में लगा विशेष स्वास्थ्य शिविर




**बारा/शंकरगढ़।** रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में मरीजों की निःशुल्क परीक्षण कर मुफ्त दवाइयां दी गई। इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर अभिषेक सिंह ने लोगों को जागरुक करते हुए कहा कि तबियत खराब होने पर तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आकर जांच करवाएं, केंद्र में सभी तरह की जांच उपलब्ध है। जांच के बाद उचित इलाज उन्हें शुरू कर दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने सलाह दी की जब तक पूर्ण रूपेण स्वस्थ ना हो जाए तब तक लगातार केंद्र में आकर जांच कराकर दवा लेते रहें। मरीजों की जांच करते हुए सलाह दी कि बदल रहे मौसम में बचने की जरूरत है। इस मौसम में उक्त रक्तचाप के मरीजों को हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है खानपान का विशेष ध्यान रखें पेय पदार्थों का सेवन ज्यादा से ज्यादा करें। शिविर में 417 मरीजों की जांच की गई। साथ ही 47 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। मरीजों में कोलेस्ट्रॉल, ब्लड शुगर,यूरिक एसिड, अस्थमा, सांस ,फेफड़े और सीओपीडी आदि की जांच निशुल्क की गई। इन मरीजों को सलाह दी गई है कि समय-समय पर यह जांच कराते रहें। इस विशेष स्वास्थ्य शिविर में आए हुए लोगों का सीएचसी प्रभारी डॉक्टर अभिषेक सिंह के नेतृत्व में मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों की विशेष टीम वरिष्ठ चिकित्सा विशेषज्ञ डॉक्टर पी के सिंह, डॉ अभिषेक कुमार द्विवेदी, डॉ नेहा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर रीता सिंह,डॉ अनूप सिंह,डॉ अनिल कुमार आदि ने जांच कर लोगों को मुफ्त इलाज कर दवाइयां वितरित किया।

# कार्यकताओं ने गांव चलो अभियान के तहत सरकार की योजनाओं की दी जानकारी



**सहसों।** भारतीय जनता पार्टी मंडल सहसों में भाजपा कार्यकताओं ने गांव चलो अभियान के तहत 24 घंटे का रात्रि प्रवास कर लोगों की समस्या को सुनते हुए पत्रक देकर भाजपा सरकार की उपलब्धियां बताते सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दे रहे हैं। बिगहियां गांव में भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री रंजना सिंह परिहार ने घर घर जाकर महिलाओं से संपर्क करते हुए सरकार द्वारा दी जा रही सुविधा राशन कार्ड, उज्वला योजना, आवास आदि की जानकारी देते हुए उन्हें योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होने महिलाओं व युवतियों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुनते हुए समाधान दिलाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर अतीन्द्र मिश्रा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसी प्रकार मंडल सहसों के मनेथू एवं मीरापुर गांव में भाजपा मंडल मंत्री जयेश केसरवानी व कर्मठ कार्यकर्ता सत्यम त्रिपाठी ने घर-घर जाकर महिला पुरुष एवं वृद्ध जनों से संपर्क कर पत्रक देते हुए सरकार द्वारा चलाई जा रही शक्ति वंदन योजना एवं विभिन्न प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा 18 वर्ष के युवक युवतियों को मतदाता बनने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर मंडल के कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# परीक्षार्थी ने फाड़ दी ओएमआर शीट, मुकदमा

## समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी पद के लिए आयोजित प्रारंभिक परीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** रविवार को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की आरओ व एआरओ (समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी) की प्रारंभिक परीक्षा आयोजित हुई। धूमनगंज के आरडी मेमोरियल स्कूल के परीक्षा केंद्र पर एक परीक्षार्थी ने अपनी ओएमआर शीट ही फाड़ दी। उसने ऐसा क्यों किया। इस पर उसने बताया कि प्रश्न पत्र देखने के बाद उसे कुछ समझ नहीं आ रहा था, उसका सिर चकरा गया।डटफ शीट फाड़ दी। वहीं, परीक्षा केंद्र प्रबंधन की लिखित शिकायत पर धूमनगंज पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कर लिया है। कुछ देर के लिए उसे हिरासत में लिया गया। लेकिन, उसे छोड़ दिया गया।





### कक्ष निरीक्षक के पहुंचने के पहले फाड़ दिया था शीट

महेंद्र प्रजापति पहली पाली में परीक्षा देने के लिए सेंटर पर पहुंचा था। प्रश्न पत्र मिलने पर उसे कुछ समझ नहीं आ रहा था। उसने जो तैयारी की थी उसे हटकर प्रश्न पूछे गए थे। वह सवालों में उलझ गया और बिना कुछ सोचे-समझे उसने अपनी ओएमआर शीट ही फाड़ दी।जब तक उसके पास कक्ष निरीक्षक पहुंचते तब तक उसने शीट को फाड़कर फेंक दिया था। अन्य परीक्षार्थी भी उसकी इस हरकत से अचंभित हो गए। परीक्षा केंद्र की तरफ इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस उसे अपने साथ ले गई।

### 411 पद, 2387 केंद्रों पर हुई परीक्षा

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी-2023 की परीक्षा के लिए प्रदेश के 58 जनपदों में 2387 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा दो पालियों में कराई गई। पहली पाली सुबह 9:30 बजे से 11:30 तक व दूसरी पाली की परीक्षा 2:30 बजे से 3:30 बजे तक आयोजित हुई।कुल 411 पदों के लिए परीक्षा आयोजित कराई गई जिसके लिए 10,76, 004 अभ्यर्थी शामिल होने थे। इस परीक्षा में सफल होने वाले अभ्यर्थियों की मुख्य परीक्षा 28 जुलाई को कराई जाएगी।

ओएमआर शीट फाड़ने वाला परीक्षार्थी महेंद्र कुमार प्रजापति है जो हंडिया का रहने वाला है। धूमनगंज थाने के प्रभारी राजेश कुमार मौर्य ने बताया कि वह कोई नकलची नहीं है, इसलिए उसे गिरफ्तार नहीं किया गया था। उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

## शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा रहूंगी तत्पर : अनुरागिनी सिंह



**प्रयागराज।** रविवार को उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ जनपद प्रयागराज की जिला अध्यक्ष अनुरागिनी सिंह ने महिला शिक्षक संघ के स्थापना दिवस के 3 वर्ष पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ , बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह का आभार एवं समस्त बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों का हृदय से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया।साथ ही प्रयागराज की समस्त शिक्षकों को बधाई व शुभकामनाएँ प्रेषित किया ।उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की संस्थापिका व प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती सुलोचना मौर्य जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश अध्यक्ष द्वारा एक ऐसा मंच शिक्षिका बहनों को प्रदान किया जिसमें वह अपनी बात मुखरता के साथ रख सके ,और समस्याओं का समाधान करने के लिए उनको अपना स्वयं का मंच प्रदान कर सकें। इस अवसर पर पत्रकार बंधुओ का स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया कि समय-समय पर उनके द्वारा हमारे सभी छोटे बड़े कार्यक्रम को प्रमुखता से प्रकाशित किया और शिक्षिकाओं की समस्याओं पर प्रकाश डाला। साथी अपने विभाग के मुखिया बेसिक शिक्षा अधिकारी आदरणीय श्री प्रवीण कुमार तिवारी जी का भी आभार व धन्यवाद व्यक्त किया कि जिन्होंने शिक्षकों की समस्याओं का समाधान त्वरित ढंग से किया और शिक्षकों में असंतोष की भावना व्याप्त नहीं होने दी उनके ही प्रयासों से प्रयागराज हमेशा टॉप टेन में रहा है।

## न्यूज झरोखा

### संत विज्ञान देव ने कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा

**पांच दिवसीय कथा एवं योग, ध्यान साधना का होगा आयोजन**



**झूंसी।** विहंगम योग के प्रणेता सद्गुरु सदाफल देव महाराज के 70वें परम निर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में 14 फरवरी से 18 फरवरी तक पांच दिवसीय जय स्वर्वेद कथा एवं इक्कीस सौ कुंडीय वैदिक यज्ञानुष्ठान का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम माघ मेला क्षेत्र के सेक्टर तीन स्थित सद्गुरु सदाफल देव समाधि धाम मंदिर निकट गंगातट झूंसी में तैयारियां की जा रही हैं। स्वर्वेद कथामृत के प्रवर्तक संत प्रवर विज्ञान देव ने रविवार को कार्यक्रम स्थल पहुँच कर सम्पूर्ण तैयारियों का जायजा लिया। आने वाले श्रद्धालुओं हेतु उपयुक्त व्यवस्था सम्बन्धी दिशा-निर्देश दिए। यहां प्रतिदिन कथा एवं निःशुल्क आसन-प्राणायाम, ध्यान-साधना का अभ्यास कराया जायेगा।

### प्रयागराज जर्नलिस्ट एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न

**नैनी।** नैनी प्रयागराज परिचायिका के प्रकाशन को लेकर आयोजित प्रयागराज जर्नलिस्ट एसोसिएशन के कार्यकारिणी की बैठक रविवार को मध्यान्ह एक बजे प्रधान कार्यालय अवंतिका कालोनी नैनी में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष गजेन्द्र प्रताप सिंह एवं संचालन महासचिव एस पी सिंह ने किया। बैठक में ₹प्रयागराज परिचायिका₹ के प्रकाशन पर विस्तृत चर्चा के उपरांत शीघ्र ही एक कार्यसमिति के गठन का निर्णय लिया गया। कार्यसमिति में सक्रिय सदस्यों को ही शामिल करने पर भी सहमति बनी। यह भी प्रस्तावित हुआ कि नये सदस्य केवल फरवरी माह तक ही बनाये जाने चाहिए जिस पर अगली बैठक में विचार किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए एसोसिएशन के महासचिव एस पी सिंह ने बताया कि सामान्य सभा की अगली बैठक 18 फरवरी दिन रविवार को मध्यान्ह होगी, जिसमें परिचायिका प्रकाशन हेतु कार्यसमिति का गठन होगा। बैठक में भूषण सिंह पटेल, सूर्यमणि द्विवेदी, अजय प्रताप सिंह, रणकेन्द सिंह, कुलदीप तिवारी, विष्णु प्रताप सिंह, अरुण विश्वकर्मा आदि की सहभागिता रही।


### बाइक की टक्कर से वृद्ध गंभीर रूप से घायल

**झूंसी।** झूंसी के पेट्रोल पंप के सामने बाइक सवार ने वृद्ध को टक्कर मार दी सेवा गंभीर रूप से घायल हो गया। रहिमापुर के रहने वाले मानिकचंद 65 रविवार की सुबह गंगा स्नान करने जा रहे थे। इस दौरान एक बाइक सवार ने उनको टक्कर मार दी। इससे वह सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर जुटे लोग उन्हें निजी अस्पताल ले गई।जहां चिकित्सकों ने मेडिकल हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया।

## दुष्कर्म और हत्या के दोषी को नहीं मिली जमानत

**अखंड भारत संदेश**

**मुज्जफरनगर की घटना पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सुनाया आदेश**



**प्रयागराज।** दोस्त की नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या करने वाले दोषी को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जमानत देने से इन्कार कर दिया है। बहुचर्चित मामले में दोषी करार गोविंद की जमानत अर्जी खारिज कर दी। यह आदेश न्यायमूर्ति राजबीर सिंह की अदालत ने उम्रकैद की सजा पाए गोविंद की ओर से दाखिल जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए दिया। मामला मुज्जफ्फरनगर जिले के नई मंडी थाना क्षेत्र का है।

**जानिए, क्या था पूरा मामला :**

दरअसल, 30 दिसंबर 2020 को नाबालिग मृतका के परिजन वैवाहिक समारोह में शामिल होने बिहार गए थे। उसके पिता फैक्ट्री में काम पर गए हुए थे। इसी दौरान पिता के साथ फैक्ट्री में काम करने वाले इटावा के इकदिल थाना क्षेत्र के बिरारी निवासी गोविंद ने घर पर अकेली नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया और बाद में हत्या कर मौके से भाग गया। हालांकि, मृतका के पिता की ओर से दर्ज एफआईआर में उसको नामजद नही किया गया था। पिता ने घटना के बाद अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी।

**अंतिम संस्कार में पहुंचा तो पहचान गए पड़ोसी :**

दुष्कर्म कर हत्या की इस घटना का खुलासा पुलिस विवेचना में हुआ था। जांच में पता चला था कि पीड़िता का पिता और हत्यारा एक ही फैक्ट्री में साथ काम करते थे। दोनों में दोस्ती भी थी। हत्यारोपी को जानकारी मिली थी कि उसके सहकर्मी का परिवार शादी समारोह में शामिल होने बिहार गया है। घर पर नाबालिग बेटी अकेली है। घटना वाले दिन जब उसका दोस्त फैक्ट्री पहुंचा तो मौका देखकर वहां से छुट्टी लेकर पीड़िता के घर पहुंच गया। पीड़िता ने पिता के दोस्त को दरवाजे पर देखकर भीतर से कुंडी खोल दी। आरोपी ने भीतर घुसकर बालिका से दुष्कर्म किया और राज खुलने के डर से गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। आरोपी अंतिम संस्कार में शामिल होने पहुंचा तो वहां मौजूद पड़ोसियों ने इसकी पहचान उस आदमी के रूप में की, जिसे उन लोगों ने घटना वाले दिन पीड़िता के घर से निकलते देखा था। यहीं से राज खुला गया।

**सुनाई गई उम्रकैद तो पहुंचा हाईकोर्ट :**

विवेचना के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार जेल भेज दिया और उसके खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। पड़ोसियों के बयानों के साथ ही आरोपी के कपड़ों की आई एफएसएल रिपोर्ट से भी दुष्कर्म की घटना साबित हुई तो मुजफ्फरनगर की पॉक्सो एक्ट की विशेष अदालत ने उसे नाबालिग की दुष्कर्म के बाद हत्या का दोषी करार देते हुए उम्रकैद और 18 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुना दी। जिसके खिलाफ उसने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।



नैनी। नैनी काजीपुर स्थित सुंदरम गार्डन गेस्ट हाउस में युवा मंच की जिला कार्यकारिणी बैठक संपन्न हुई जिसमे मुख्य अतिथि युवा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजितेश जायसवाल और विशिष्ट अतिथि महानगर प्रयागराज भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र मिश्र रहे। कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान अजितेश जायसवाल ने कहा की 2024 में केंद्र में मोदी के नेतृत्व में पुनः भाजपा की सरकार बनाने में जायसवाल समाज पूरा साथ देगा। मोदी के नेतृत्व में देश प्रदेश विकाश के पथ पर अग्रसर है।अजितेश ने लोकसभा चुनाव में कलवार समाज को भागीदारी देने की मांग भी मंच से की। महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने सभी कार्यकर्ताओ को एकजुट होकर चुनाव में जुट जाने का आवाहन करते हुए प्रचंड बहुमत से भाजपा की सरकार बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान प्रयागराज भाजपा ओबीसी मोर्चा के महानगर के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष आनंद जायसवाल का युवा मंच के पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन युवा मंच के राष्ट्रीय सचिव आकाश जायसवाल ने किया। कार्यक्रम में ओबीसी मोर्चा के भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद जायसवाल,वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव जायसवाल, महानगर अभियान संजोयक रोहित जायसवाल, युवा मंच के जिलाध्यक्ष अभिषेक जायसवाल, अधिवक्ता जूही जायसवाल, अनिकेत जायसवाल, पार्षद राकेश जायसवाल, पार्षद दिलीप जायसवाल समेत युवा मंच के सैकड़ों पदाधिकारी मौजूद रहे।

## औद्योगिक क्षेत्र में छत के रास्ते घर में घुसे चोर रुपये जेवर उठा ले गए

**नैनी।** नैनी औद्योगिक क्षेत्र थानांतर्गत चकपुरे खुर्द मिया का पूरा गांव में शनिवार देर रात एक घर में असलहों से लैस बदमाशों ने दंपत्ति को रिवाल्वर सटाकर लाखों रुपए के नगदी एवं जेवर लूट लिया। वारदात की। लाखों रुपये और जेवरात चोरी कर फरार हो गए। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के साथ मौका मुआयना किया। मिया का पूरा गांव निवासी नारायण गिरि के अनुसार शनिवार रात छत के रास्ते चोर उनके घर में घुसे। पीड़ित ने मोहल्ले के ही दो लोगों पर शक जाहिर किया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं सोशल मीडिया पर दंपती को तमंचा सटाकर लूटने की खबर दिनभर वायरल होती रही। पुलिस ने कहा चोरी हुई है।

## नैनी में महापौर गणेश केसरवानी ने गांव चलो अभियान का शुभारंभ किया

**नैनी।** नैनी किसान मोर्चा नैनी मंडल के तत्व धान में गांव चलो अभियान के अंतर्गत रविवार सोमवार को नैनी मंडल किसान मोर्चा के नेतृत्व में महापौर गणेश केसरवानी ने गांव चलो अभियान का शुभारंभ किया इस अवसर पर महापौर गणेश केसरवानी ने कहा अनुसूचित जाति के सभी छात्राओं को निशुल्क आवास जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय में छात्रों को उत्कृष्ट आवास योजना शिक्षा सबको शिक्षा अच्छी शिक्षा सर्वे संत निरामिया कर स्वस्थ प्रदेश सुखी प्रदेश नारी शक्ति वंदना मातृशक्ति संभल अपराध और अपराधियों के विरूद्ध जीरो टॉयलेट का योजनाएं यह हमारे भारतीय जनता पार्टी प्रदेश और केंद्र सरकार की देन है जो आज भाअ मुक्त समाज भाजपा की सरकार में सभी नागरिकों को मिल रहा है गांव में हमारी भाजपा सरकार केंद्र की सरकार प्रदेश की सरकार गांव की खुशहाली




के लिए आने की योजनाएं ला रही है इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा प्रयागराज संजय श्रीवास्तव नैनी मंडल अध्यक्ष नीरज शर्मा के नेतृत्व में गांव चलो अभियान के अंतर्गत जन जागरण करते हुए सभी नागरिकों को पत्रक वितरण महापौर के नेतृत्व में किया इस अवसर पर पार्षद मयंक यादव पार्षद पवन यादव पार्षद दिलीप जयसवाल पार्षद डब्बू रणविजय सिंह पार्षद राकेश जयसवाल किसान मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य सुनील विश्वकर्मा महानगर कर समिति सदस्य नितिन केसरवानी उर्फ बबलू सामाजिक कार्यकर्ता विजय केसरवानी वरिष्ठ भाजपा नेता मनीष केसरवानी महामंत्री उमेश सेन नित्यानंद नरसिंह प्रदीप तिवारी सुनील कुशवाहा भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के कार्यकर्ता कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष किसान मोर्चा प्रयागराज संजय श्रीवास्तव ने किया।

### केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में रोजगार मेला का आयोजन आज

**प्रयागराज।** प्रभाकर त्रिपाठी, पुलिस उप महानिरीक्षक, ग्रुप केन्द्र, केरिपुबल, प्रयागराज ने बताया है कि मा0 प्रधानमंत्री जी की महत्वाकांक्षी रोजगार योजना के अन्तर्गत ग्रुप केन्द्र, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, प्रयागराज में दिनांक 12.02.2024 को प्रातः 10:30 बजे रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान प्रधानमंत्री जी वर्चुअली वीडियोंकान्फ्रेंस के माध्यम से नव चयनित अभ्यथिंर्यो को नियुक्ति पत्र सौपेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय केन्द्रीय मंत्री, भारी उद्योग, भारत सरकार डॉ0 महेन्द्र नाथ पाण्डेय जी की उपस्थिति होगी।

### जनपद न्यायालय परिसर में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए दुकानों की नीलामी 23 फरवरी को

**प्रयागराज।** डॉ0 दिनेश चन्द्र शुक्ल, अध्यक्ष नीलामी समिति/विशेष न्यायाधीश एम0पी0/एम0एल0ए0 प्रयागराज ने बताया है कि जनपद न्यायालय परिसर में अवस्थित चाय/मिठाई की दुकान, फल, जूस की दुकान एवं फोटो स्टेट की दुकानों की नीलामी वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए दिनांक 23.02.2024 को अपरान्ह 04:30 बजे 24 न्याय भवन में प्रथम तल पर अवस्थित विशेष न्यायाधीश एम0पी0/एम0एल0ए0 के न्याय कक्ष में होगी। उन्होंने बताया है कि इच्छुक व्यक्ति कार्यालय समय में केन्द्रीय नजारत से दुकान नीलामी विवरण एवं नीलामी शर्ते प्राप्त कर सकते है।

### मण्डल स्तरीय कृषि निर्यात निगरानी समिति की बैठक 15 फरवरी को

**प्रयागराज।** कृषि निर्यात नीति-2019 के अन्तर्गत प्रयागराज मण्डल के जनपदों यथा प्रयागराज, कौशाम्बी, फतेहपुर एवं प्रतापगढ़ में कृषि उपज/उत्पादों एवं निर्यात को बढ़ाने, निर्यात की प्रगति एवं निर्यात में आ रही समस्याओं के समाधान हेतु मण्डल स्तरीय कृषि निर्यात निगरानी समिति की बैठक दिनांक 15.02.2024 को मध्यान्ह 12:00 बजे गांधी सभागार, कार्यालय मण्डलायुक्त, प्रयागराज में आयोजित की गयी है। यह जानकारी सहायक कृषि विपणन अधिकारी/सदस्य सचिव, कृषि निर्यात निगरानी समिति प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज श्री कमल कान्त त्यागी ने दी है।

# खिलाड़ियों को विजेता ट्रॉफी व स्मृति पत्र प्रमाण पत्र तथा शील्ड देकर किया गया सम्मानित

**अपेक्स नैनी की पुरुष टीम व महिला टीम में प्रयागराज ने मारी बाजी**

**नैनी।** नैनी स्वर्गीय माधुरी यादव स्मृति प्रयागराज मंडल हैंडबॉल महिला एवं पुरुष प्रतियोगिता मै अपेक्स नैनी की पुरुष टीम व महिला टीम में प्रयागराज ने मारी बाजी रविवार को अभिमन्यु शाखा पार्क नैनी के हैंडबॉल ग्राउंड में स्वर्गीय माधुरी यादव स्मृति प्रयागराज मंडली जिला हैंडबॉल पुरुष एवं महिला प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेला गया जिसमें पुरुष वर्ग में अपेक्स नैनी ने प्रयागराज को 8 की मुकाबले 28 गोल से परास्त किया वहीं महिला वर्ग में प्रयागराज जिले ने अपेक्स नैनी को 9 के मुकाबले 16 गोल से हराकर ट्रॉफी पर अपना कब्जा किया जहां पर जनपद कौशांबी ने महिला व पुरुष वर्ग के दोनों श्रेणियां में तीसरा स्थान हासिल कर अपने जिले को कांस्य से पदक प्राप्त किया जहां पर पुरुष वर्ग में सर्वाधिक गोल कर अनुभव सिंह को बेस्ट प्लेयर वही बेहतरीन गोलकीपिंग का





प्रदर्शन करने वाले अतुल सिंह को बेस्ट गोलकीपर का अवार्ड पुरुष वर्ग में तथा महिला वर्ग में अंशिका सिंह को बेस्ट गोलकीपर वी चंद पांडे को बेस्ट प्लेयर का अवार्ड दिया गया प्रतियोगिता का समापन व पुरस्कार वितरण बद्रीनाथ दीक्षित डायरेक्टर अपेक्स एजुकेशन सोसाइटी प्रयागराज के द्वारा किया गया उनके द्वारा खिलाड़ियों को विजेता ट्रॉफी व स्मृति पत्र प्रमाण पत्र वह शील्ड देकर सम्मानित किया उक्त अवसर पर पार्षद पवन यादव पार्षद मयंक यादव पार्षद राकेश जयसवाल पार्षद डब्बू सिंह जितेंद्र शर्मा उमेश उपाध्याय विजय तिवारी बी एन दीक्षित योगराज मिश्रा अनिल दिक्षित दिलीप यादव सीमा यादव रूबी शर्मा ज्योति मिश्रा पूनम चौरसिया उज्जवल भट्टाचार्य मौजूद रहे निर्णायक के रूप में अनुपम सिंह उपेंद्र मिश्रा सचिन रावत अमनदीप सिंह अतुल सिंह वैभव दिक्षित अनिल कनौजिया आदि उपस्थित रहे प्रतियोगिता के सकुशल संपन्न होने पर मंडलीय कीड़ा अधिकारी विमला सिंह व उप क्रीडा अधिकारी देवी प्रसाद ने हैंडबॉल संग प्रयागराज को बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा सचिव कौशल कुमार दीक्षित नेप्रतियोगिता के सकुशल संपन्न होने पर समस्त अधिकारी व खिलाड़ियों का आभार प्रकट किया तथा उनके द्वारा बताया गया कि भविष्य में इस प्रकार की प्रतियोगिताएं जिला हैंडबॉल संघ प्रयागराज संचालित करता रहेगा।

## कार्यालय ग्राम पंचायत मुगारी विकास खंड करछना प्रयागराज

**नीलामी सूचना**

ग्राम पंचायत मुगारी के प्राथमिक विद्यालय परिसर में स्थित निष्प्रयोज्य जर्जर भवन की नीलामी जहां है जैसा है के सिद्धांत के आधार पर की जानी है नीलामी हेतु आरक्षित मूल ?8000 निश्चित है जो की इच्छुक बोली दाताओं को बोली लगाने के पूर्व कार्यालय ग्राम पंचायत में जमा करना होगा इच्छुक बोली दाता परिसर में स्थित जर्जर भवन का अवलोकन दिनांक 11.2.2024 तक प्रातः 11:00 बजे से 2. बजे तक कर सकते हैं नीलामी की तिथि 12.2.2024 को दोपहर 12:00 बजे से 2:00 बजे तक निर्धारित है नीलामी उपरांत बोली की धनराशि उसी दिन शाम तक कार्यालय ग्राम पंचायत में जमा करना होगा अन्यथा बोली निरस्त मानी जाएगी नीलामी के पश्चात बोली दाता को एक सप्ताह के भीतर समस्त सामग्री परिसर से हटानी होगी

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत मुगारी**
**विकास खंड करछना**
**प्रयागराज**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत मुगारी**
**विकास खंड करछना**
**प्रयागराज**

# जिले के 35 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न हुई समीक्षा अधिकारी परीक्षा

## न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में 480 छात्र रहे आवंटित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** लोक सेवा आयोग प्रयागराज, उत्तर प्रदेश द्वारा जिले में पहली बार कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच समीक्षा अधिकारी परीक्षा दो पाली में करायीं गयी। परीक्षा को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिये जिले में 35 केन्द्रों पर 15161 छात्र छात्राएं आबंटित किये गये।

न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल की प्रबन्धिका डॉ शाहिदा ने बताया कि न्यू एन्जिल्स सी से स्कूल कटरा रोड, प्रतापगढ़ को भी परीक्षा केंद्र बनाया गया जहां 480 छात्र छात्राएं आबंटित थे। प्रधानाचार्य बी के सोनी केन्द्र व्यवस्थापक और सुशील कुमार, राज्य कर पदाधिकारी, स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा सरोज कुमार यादव, गर्वनमेंट हाई स्कूल, सह केन्द्र व्यवस्थापक नियुक्त किये गये। इस परीक्षा को सम्पन्न कराने के लिए न्यू एन्जिल्स के 23 कक्ष निरीक्षक, और 17 बाह्य कक्ष निरीक्षक और 5 सहायक नियुक्त किये गये। विद्यालय गेट 8.30 पर खुल गया। पूरी चेकिंग के बाद ही परीक्षार्थी केन्द्र पर लिये गए घड़ी मोबाइल को परीक्षा सहायकों के पास रखवाया गया। 9.30 बजे तक सभी परीक्षार्थी केन्द्र पर लिए गये। प्रश्न पत्र 9.25 पर वितरित किये गये। कुल 339 परीक्षार्थी प्रथम पाली की परीक्षा में उपस्थित रहे जबकि 141 परीक्षार्थी प्रथम पाली की परीक्षा में अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली की परीक्षा में 142 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। कुल मिलाकर न्यू एंजिल्स सी. से. स्कूल में परीक्षा सकुशल संपन्न हुई।



न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल से परीक्षा देकर बाहर निकलती छात्राएं

## परीक्षा में ब्लूटूथ डिवाइस से नकल करते पकड़ा गया परीक्षार्थी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रविवार को जिले में हो रही आरओ व एआरओ परीक्षा में एक युवक को ब्लूटूथ डिवाइस के साथ केंद्र व्यवस्थापक ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ में जुट गई। मामला लालगंज क्षेत्र के राम अंजोर मिश्र इंटर कॉलेज का है। 35 परीक्षा केंद्रों में से एक केंद्र लालगंज नगर स्थित राम अजोर इंटर कॉलेज को भी बनाया गया था। इस परीक्षा केंद्र पर पट्टी का एक परीक्षार्थी प्रवीण पटेल पुत्र सुभाष चंद्र पटेल निवासी बेसहर पट्टी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के जरिए नकल कर रहा था।

उसके इस कारनामें पर केंद्र व्यवस्थापक की नजर पड़ गई। केंद्र व्यवस्थापक ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस उसे हिरासत में लेकर पूछ-ताछ में जुट गई। पकड़े गए अभ्यर्थी के पास से इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, मोबाइल, सिम समेत तमाम उपकरण भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि मामले में आरोपी से पूछताछ की जा रही है। इस गैंग में कितने लोग शामिल हैं, उसकी भी पड़ताल की जा रही है।

## आखिर कौन था साल्वर?

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** आरओ तथा एआरओं की परीक्षा में नकलची की धर पकड़ अब पुलिस के लिए जांच मे एक और फांस दे गयी है। डिवाइस के साथ चिप से नकल करते आरोपी धरा गया। अब यह सवाल भी पुलिस के लिए सिर दर्दी का है कि आखिर साल्वर कौन था और कौन सा रैकेट इस परीक्षा की सुचिता भेंदने में काम कर रहा था। परीक्षा केन्द्रों पर पुलिस के साथ अंतिरिक उडाका दल भी एक एक परीक्षार्थी की संघन तलाशी में मशक्कत करते देखा गया। फिर भी एक परीक्षार्थी का डिवाइस के साथ केन्द्र में पहुंच जाना नकल माफियाओं के दुस्साहस का भी इस परीक्षा में भी दखल चर्चा का विषय बना हुआ है।

# अच्छी शिक्षा प्राप्त कर बेटियां बन सकती हैं अधिकारीः प्रीति कटियार

## जयपुरिया स्कूल में नारी शक्ति पर थानाध्यक्ष ने दिये टिप्स

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले के पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल एवं अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह एवं सीओ सिटी शिवनारायण के निर्देशन में थानाध्यक्ष कोहंडौर प्रीति कटियार थाने में बैठकर जन समस्या लगातार सुनती हैं और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का काम लगातार कर रही है।

जन समस्या सुनने के बाद क्षेत्र में लगातार अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु क्षेत्र में भ्रमण करती हुए क्षेत्र के गतिविधियों पर बराबर नजर बनाकर रखती है। आम जनमानस की सूचना पर तत्काल पुलिस टीम भेज कर कार्यवाही करने का काम करती है। इस दौरान समाधान दिवस के अवसर पर जनता की समस्या सुनने के बाद क्षेत्र के जयपुरिया स्कूल पहुंचकर बेटियों को जागरुक करते हुए नारी शक्ति का एहसास दिलाती हुई थानाध्यक्ष नजर आई। बेटियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बेटी बेटों से कम नहीं है, अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के बाद बेटी भी बेटियों की तरह अधिकारी बनकर अपने माता-पिता एवं अपने क्षेत्र का नाम रोशन करती हैं। बेटियों को जागरुक करती हुए थाने का सीयूजी नंबर एवं महिला सहायता हेतु सरकार द्वारा जारी किए गए हेल्पलाइन नंबर को भी नोट करवाती हुई नजर आई। उन्होंने कहा कि आप लोगों को कहीं कोई परेशानी होती है या संदिग्ध व्यक्ति दिखता है तो आप तुरंत सीयूजी नंबर पर फोन करें, पुलिस आपकी सहायता के लिए तत्काल पहुंचेगी।

# सुपर लीग में रानीगंज की टीम का दिखा जलवा, पुरस्कृत

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सगरा सुन्दरपुर बाजार स्थित मैदान में सीपीएस कप क्रिकेट टूनार्मेंट के सुपर लीग मैच में आज बारेडीह लालगंज स्पोर्टिंग क्लब और रानीगंज स्पोर्टिंग क्लब के मध्य रोमांचक मुकाबला खेला गया, जिसमें रानीगंज टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और रानीगंज टीम ने बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित आठ ओवरों में 4 विकेट खोकर 75 रन बनाए। जबाब में उतरी बारेडीह लालगंज की टीम ने 8 ओवर में 72 रन 5 विकेट पर ही सिमट गई। इसरार और अनिल की आक्रामक गेंदबाजी से रानीगंज ने 3 रन से विजयी लक्ष्य हासिल कर मैच जीत लिया। लिलहा रानीगंज टीम की ओर से जाबिर ने शानदार 18 रन और शानदार दो विकेट झटककर इस मैच के मैन ऑफ द मैच का खिताब अपने नाम कर लिया। मैन ऑफ द मैच आयोजन समिति की ओर से अफजल खान ने पुरस्कृत किया। इस दौरान पूर्व बीडीसी मुकादम खान, जामिद खान, शिव शंकर शुक्ल, सोनू तिवारी, राजेन्द्र कुमार, राज कुमार तिवारी, रईस खान आदि रहे।

## दुर्घटना में युवक घायल

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली के कपूरीपुर निवासी संजय कुमार (25) रविवार की सुबह बाइक से दवा लेने लकुरी जा रहा था। पूरे वाचन के पास पहुंचा कि ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मार दिया। दुर्घटना में घायल संजय को इलाज के लिए परिजन पड़ोसी जिले रायबरेली ले गये।

# राजा भैया ने किया बारात की अगवानी, वेद मंत्रों का हुआ उद्घोष

## शहनाइयों की धुन के बीच 101 जोड़ों ने थामा एक दूसरे का हाथ

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** वर्षो से चली आ रही भदरी राजघराने के युवराज राजा भैया के जादुई नेतृत्व मे संपन्न होने वाली गौरवशाली परम्परा मे एक कड़ी 11 फरवरी को तब जुड़ गयी, जब कुंडा के बजरंग महाविद्यालय मे 101 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न हुआ। सामूहिक विवाह का ये 30वां वर्ष है जब क्षेत्र की 101 बेटियों के विवाह की जिम्मेदारी राजा भैया यूथ ब्रिगेड और देवरहा बाबा चेरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान मे संपन्न हुआ।

कुंडा में होने वाले सामूहिक विवाह पूरी धार्मिक रीति रिवाज के साथ संपन्न होते आये हैं। अज भी उसका पूरी तरह से अनुपालन किया जाता है। 11 फरवरी को हुए सामूहिक विवाह मे सभी धार्मिक रीति रिवाज और उनकी मयार्दा का पालन हुआ। 99 जोड़ो को आचार्यो ने वेद मंत्रो के साथ तो वहीं 2 जोड़ो के निकाह कराने के लिए मौलवी द्वारा संपन्न हुआ। उधर जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा भैया ने स्वयं ही बारात की अगवानी किया। उन्होंने दुल्हों को माला पहनाकर उनका स्वागत किया। बारात की अगवानी मे राजा भैया और प्रतापगढ़ के एमएलसी गोपाल भैया ने किया। बारात और उनके साथ आये लोगों के भोजन की व्यवस्था विवाह स्थल से सटे टी पी इंटर कालेज मे की गयी थी। भोजन व्यवस्था तहसील क्षेत्र के चारों ब्लाक के ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत सदस्य और पंचायत प्रतिनिधि स्वयं देख रहे थे। सभी बारातियों को भोजन जलपान करावने की पूरी व्यवस्था राजा भैया की तरफ से की जाती है। कार्यक्रम मे राजा भैया के दोनो राजकुमार कुंवर बृजराज और कुंवर शिवराज सिंह, पूर्व सांसद शैलेन्द्र कुमार, बाबागंज विधायक और जनसत्ता दल के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सरोज, महासचिव डा के एन ओझा, जिला पंचायत अध्यक्ष कुलदीप पटेल, पूर्व प्रमुख जिला पंचायत सदस्य बब्लू सिंह, पूर्व प्रमुख डब्बू सिंह, पूर्व प्रमुख अनुभव यादव, प्रधान संघ अध्यक्ष पिंटू सिंह, कुंडा नगर पंचायत अध्यक्ष शिव कुमार तिवारी भगवन, कुंडा प्रमुख संतोष सिंह समेत सैकड़ों कार्यकर्ता व्यवस्था मे जुटे रहे।



सामूहिक विवाह कार्यक्रम में मौजूद डा0 केएन ओझा व अन्य।

# गल्ला ब्यापारी की दुकान का ताला तोड़कर पैसा वाला बक्सा चोरी

## सन्दूक में रखा लगभग 15 हजार रुपया रेचकारी व नोट बक्सा उठा ले गये

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र मे चोरो की आमद होने से ब्यापारियों मे आक्रोश ब्याप्त है लगभग 15 दिन पूर्व परियावां रेलवे फाटक के निकट देव मोबाइल की दुकान का शटर का ताला तोड़कर लगभग चार लाख रुपये का लैपटाप मशीन कम्पीयूटर पेन ड्राइव की पैड मोबाईल आदि उपकरण चुरा ले गये जिसका खुलासा पुलिस आज दिन तक नही कर पाई। कि शनिवार की बीती रात दूसरी बार फिर चोरो ने परियावां मुस्लिम बस्ती मे गल्ला ब्यापारी गौरव अग्रहरि निवासी परियावां की दुकान के लोहे का दरवाजा में लगा ताला को आरी ब्लेंड से काटकर अंदर तख्त पर रखी पैसा वाली पेटी को चुरा ले गये।

जब कि पेटी के पास तकिया के पीछे गुल्लक की चाभी नही ले गये पूरी पेटी उठा ले गये। सुबह जब आस पास के लोगों की नजर दुकान के दरवाजे पर पड़ी तो दरवाजा में लगा ताला गायब था, जिसकी जानकारी फोन से गौरव को दी मौके पर पहुँचे दुकानदार अंदर रखा गुल्लक का बक्शा गायब देख सन्न रह गया। दुकानदार के मुताबिक पैसा वाली पेटी में लगभग 10 हजार रुपये की नये व पुरानी सिक्के के साथ लगभग 5 हजार रुपये के सौ-सौ के नोट रखे थे घटना की जानकारी पीड़ित दुकानदार ने पुलिस को दी दोपहर 12 बजे तक पुलिस मौके पर नहीं पहुंची थी। 15 दिनों के अंदर हुई व्यापारियों की दुकान में दो चोरी की घटना से व्यापारियों में आक्रोश इस बात है कि पुलिस अभी तक 4-5 लाख की चोरी का खुलासा नही कर पाई कि चोरों ने एक बार फिर पुलिस को चुनौती दे दी। चोर और पुलिस के इस खेल में व्यापारियों मे दहशत पैदा है। अब देखना है कि चोर पुलिस का लुका छिपी का खेल कब तक चलता है।

## हत्या के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** थाना पट्टी के उडैयाडीह चैराहा पर 22 नवम्बर 2023 को टैम्पो चालक व्यक्ति को आरोपीगणों द्वारा मारपीट कर घायल कर देने व इलाज के दौरान मृत्यु हो जाने के प्रकरण में थाना पट्टी में मु0अ0सं0 488/23 धारा 302, 34, 341, 504 भादवि0 का अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में थाना पट्टी के प्रभारी निरीक्षक श्री अर्जुन सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त/विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियोग उपरोक्त से संबंधित वांछित अभियुक्त रमाशंकर सिंह पुत्र स्व0 विजय बहादुर सिंह निवासी ग्राम भदेवरा उडैयाडीह ग्राम सभा उडैयाडीह थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ को उडैयाडीह मार्ग पर परमी पट्टी मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया।

## अस्पताल में चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के भटनी गांव में शनिवार की रात प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चोरी की घटना से हड़कम्प मच गया। रविवार को सुबह स्वास्थ्य कर्मियों ने देखा कि अज्ञात चोर कमरे का ताला तोड़कर बैटरी इनवर्टर तथा अन्य सामान चोरी कर ले गये। घटना के बावत डॉ0 धनजय सिंह ने पुलिस को तहरीर दी हैं। प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित का कहना हैं कि तहरीर मिली। जांच कर केस दर्ज किया जायेगा।

# लोकसभा चुनाव में पूरी तनमयता से जुड़ें कार्यकर्ताः प्रदेश अध्यक्ष

## अपना दल (एस) की विधानसभा स्तरीय मासिक बैठक सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** रविवार को पट्टी डाक बंगले में अपना दल (एस) की विधानसभा स्तरीय मासिक बैठक संपन्न हुई जिसमें मौजूद पार्टी के वक्ताओं ने मौजूद कार्यकताओं का जोश भरा और उन्हें पार्टी के नीतियों के बारे में बताते हुए आगामी लोकसभा चुनाव के लिए पूरी तन्मयता से जुड़ जाने के लिए अपील भी किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधानसभा के पूर्व विधायक तथा अपना दल एस के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पाल ने मौजूद कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए अधिक समय नहीं बचा है ऐसे में एनडीए गठबंधन को मजबूत करने के लिए हम सभी समीक्षा बैठक कर रहे हैं जिससे पार्टी को मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश सचिव कमलेश विश्वकर्मा ने पार्टी की संघर्ष के बारे में बताते हुए पार्टी की विचारधारा के बारे में कार्यकताओं को अवगत कराया और उन्हें एकजुट हो जाने का आवाहन किया। बैठक को अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार भाई ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रतापगढ़ के जिला अध्यक्ष बृजेश पटेल, राष्ट्रीय सचिव शिक्षक मंच कुलदीप पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र पाल ,रानीगंज विधानसभा के अध्यक्ष चंद्रभान पटेल, प्रतापगढ़ के जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश पटेल, संदीप कुमार, दिनेश, स्वामीनाथ, रामानंद, लख्खू चैधरी, शिवम पाल, अमर बहादुर पटेल, अशोक पटेल, महेश पटेल, संत कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन पट्टी विधानसभा अध्यक्ष लाल बहादुर पटेल ने किया।



प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पाल का स्वागत करते लोग।

## सपा के पूर्व सभासद सिराज अहमद हुए अपना दलीय

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** नगर पंचायत के समाजवादी पार्टी के पूर्व सभासद सिराज अहमद ने विधानसभा स्तरीय मासिक बैठक में पट्टी डाक बंगले में मौजूद कार्यकताओं के बीच में अपना दल (एस) का दामन थाम लिया। पार्टी के संस्थापक स्वर्गीय सोनेलाल पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया और उन्होंने पार्टी की नीतियों पर अपना विश्वास जताते हुए विचारधारा पर चलकर पार्टी को मजबूत करने का संकल्प भी लिया।



विवाहिता जोड़ों को देने के लिए सजाया गया उपहार।

# परियावां के इंटर कालेज मैदान में 10 जोड़ों का हुआ सामूहिक विवाह

## हुसैनगंज विधायक ऊषा मौर्य व उत्कृष्ट मौर्य रहे

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** हर मां बाप का एक सपना होता है कि मैं अपनी बेटी की शादी धुम धाम के साथ करे गरीब मां बाप का सपना पुरा करने के लिए सम्राट चन्द्रगुप्त मौर्य सेवा समिति द्वारा स्व0 धर्मराज मौर्य सामूहिक शादी समारोह का 10 आयोजन भिटारी परियावां में रविवार को नवाबगंज थाना के परियावां इंटर कालेज के परिसर मे 10 जोड़े का सामूहिक विवाह का आयोजन कर गरीब मां बाप का सपना पूरा कर दिखाया।

शास्त्री कोमल चंद्र मौर्य ने सभी नव विवाहित जोड़ो को रश्म व रीति के अनुसार पूजन अर्चन कर विवाह को सम्पन्न कराया सेवा समिति के संरक्षक सुन्दर लाल मौर्य व अध्यक्ष विदेश्वरी प्रसाद मौर्य ने अपने पदाधिकारियो व कार्य कर्ताओ के साथ बारातियों का स्वागत एव अभिनदन किया विवाह पंडाल मे एक साथ 10 जोड़ो का विवाह बड़ा ही सुन्दर देखने मे लग रहा था लड़का पक्ष के लोगो को ठहरने के लिए हरदेव नगर व तुलसी का पुरवा मे ब्यवस्था की गयी थी कालेज परिसर मे महिलाओ व पुरुषों के खाने पीने की ब्यवस्था अलग अलग बनी हुई थी ताकि किसी प्रकार की परेशानी न हो सके गाजा बाजा डीजे व पटाखे के साथ सामूहिक विवाह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। विवाहिता जोड़े मे रेखा देबी मौर्य संग रमेश मौर्य, संजना संग अर्जुन, विनीता मौर्य संग लवकुश मौर्य, सुमन मौर्य संग पूनम मौर्य, लालती मौर्य संग राकेश मौर्य, अन्नू देबी मौर्य संग गणेश मौर्य, गीता मौर्य संग दीपक मौर्य, अनीता मौर्य संग इंद्रेश कुमार मौर्य, ऊषा मौर्या संग वीरेंद्र मौर्य, सुनीता मौर्या संग ललित कुमार मौर्य को शास्त्री ने वेदों मंत्रोच्चारण के साथ एक दूसरे के गले मे वरमाला डालकर विवाह को सम्पन कराया। विवाह में सेवा समिति की ओर से सभी को उपहार भेंट किये गये। सुरक्षा को देखते हुए नवाबगंज पुलिस मौजूद रही। कार्यक्रम में सहयोग करने वाले अयोध्या प्रसाद मौर्य, रामचंद्र मौर्य, विन्दादीन मौर्य, तीरथराज मौर्य, राजेश कुमार मौर्य, सुरेश मास्टर, लल्लन मौर्य, पवन मौर्य, सुंदरश्याम, राजेश साहू, मिश्रीलाल विश्वकर्मा, मोनू मौर्य, रमेश मौर्य आदि लोग मौजूद रहे। विवाह सम्पन होने पर कमेटी के सभी पदाधिकारियो ने विवाहित जोड़ो को नम आँखो से विदाई किया और अपना आशीर्वाद दिया।

**वेदों मंत्रोच्चारण के साथ एक दूसरे के गले मे वरमाला डालकर विवाह को सम्पन कराया। विवाह में सेवा समिति की ओर से सभी को उपहार भेंट किये गये।**

# सड़क पर सदैव यातायात नियमों का पालन करते हुए रहें सुरक्षितः परिवहन आयुक्त

## प्रधानमंत्री कर्मयोगी मिशन व सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** तुलसी सदन (हादीहाल) सभागार में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2024 के अन्तर्गत प्रधानमंत्री कर्मयोगी मिशन/सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ परिवहन आयुक्त चन्द्र भूषण सिंह ने दीप प्रज्जवलन एवं माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा, भारतीय चरित्र निर्माण संस्थान के अध्यक्ष राम कृष्ण गोस्वामी, प्रदेश संयोजक अशोक कुमार पाठक, प्रवक्ता गौरव मिश्रा, वरिष्ठ भाजपा नेता शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, उपजिलाधिकारी सदर उदयभान सिंह, ए0आर0टी0ओ0 प्रवर्तन दिलीप कुमार गुप्ता, ए0आर0टी0ओ0 प्रशासन बी0के0 सिंह सहित विक्रान्त सिंह, विभाग के अन्य अधिकारी/कर्मचारी व स्कूल के छात्र-छात्रायें, अध्यापकगण उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री कर्मयोगी मिशन/सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम 03 फरवरी को वृन्दावन से शुभारम्भ होकर आज जनपद प्रतापगढ़ में कार्यक्रम का आयोजन तुलसीसदन में किया गया, यह कार्यक्रम विभिन्न जनपदों में आयोजित करते हुये जनपद मुरादाबाद में दिनांक 14 फरवरी को समापन होगा। कार्यक्रम में साकेत गर्ल्स पीजी कालेज की छात्राओं ने सरस्वती वन्दना एवं स्वागत की प्रस्तुति की। कार्यक्रम में संस्कार ग्लोबल स्कूल, साकेत गर्ल्स डिग्री कालेज, एल0जी एकेडमी चिलबिला, राजकीय बालिका इण्टर कालेज, एमडीपीजी कालेज के छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रम, गायन आदि के माध्यम से सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में आये हुये अतिथियों ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुये स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने परिवहन आयुक्त को अंगवस्त्रम् एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित कया। इस दौरान अध्यक्ष राम कृष्ण गोस्वामी द्वारा परिवहन आयुक्त, जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को भागवत गीता की पुस्तक भेंट की गयी। इस दौरान अतिथियों द्वारा गुड्स सेमेरिटन (नेक आदमी) क्रमशः श्रवण कुमार, उमेश सिंह, राधेश्याम एवं शारदा प्रसाद बिन्द को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर परिवहन आयुक्त चन्द्र भूषण सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2024 के अन्तर्गत प्रधानमंत्री कर्मयोगी मिशन/सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का जो आयोजन किया गया है इससे ज्यादा से ज्यादा लोग जुडे और अपने दायित्वों का सही तरीके से निर्वहन करें जिससे दुर्घटनायें कम हो। उन्होने कहा कि पूरे प्रदेश में ट्रामा सेन्टर को सक्रिय किये जाने हेतु कार्य किये जा रहे है जिससे आने वाले समय में सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को सही समय पर समुचित ईलाज दिलाया जा सके। उन्होने कहा कि पूरे प्रदेश में ब्लैक स्पॉट का चिन्हांकन करने की कार्यवाही की जा रही है, गाड़ियों के 10 फिटनेस सेन्टर बनाये जायेगें जहां पर गाड़ियों की जांच आसानी से करायी जा सके। इस दौरान परिवहन आयुक्त ने सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलायी। कार्यक्रम का संचालन डा0 मो0 अनीस ने किया।



दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते परिवहन आयुक्त व डीएम।

# बुन्देलखण्ड गौरव महोत्सव व्यवस्था का डीएम-एसपी ने लिया जायजा

## व्यवस्था चौकस कराने के दिये निर्देश

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पर्यटन विभाग उप्र ने बुंदेलखंड गौरव महोत्सव 13-14 फरवरी को चित्रकूट इंटर कालेज में करा रहा है। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने चित्रकूट इंटर कॉलेज पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

रविवार को डीएम-एसपी ने कहा कि जिले में विभिन्न गतिविधियों समेत हॉट एयर बैलून, योगा, हेरिटेज वॉक, टेथर्ड फ्लाइट, लोक संगीत, सांस्कृतिक संध्या होंगे। जिले में हॉट एयर बैलून की उड़ान सवेरे साढे छह बजे से सीआईसी से व योगा गणेश बाग, हेरिटेज वाक गणेश बाग/मडफा किला में वाटर स्पोर्टस के तहत जेटस्की बनाना वोट आदि गुंता बांध तथा टेथर्ड फ्लाइट व सांस्कृतिक संध्या सीआईसी में होंगी। शुभारम्भ जनप्रतिनिधि करेंगे। हॉट एयर बैलून में जिले के विद्यार्थियों को निःशुल्क फ्लाइट राइट करायी जायेगी। जिले की धरोहरों के थीम पर विद्यालयों में पेंटिंग प्रतियोगिता हो रही है। प्रत्येक तहसील से प्रथम आने वाले विद्यार्थियों आठ वर्ष से ऊपर को प्रोत्साहित करने की गरज से हॉट एयर बैलून की फ्लाइट दी जायेगी।


जायजा लेते डीएम-एसपी।

डीएम-एसपी ने क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी से मंच, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, पेयजल, शौचालय, पार्किंग आदि के बारे में जानकारी ली। उन्होंने एसडीएम कर्वी व सीओ सिटी से कहा कि पार्किंग स्थल की व्यवस्था तय करें। एडीएम से कहा कि कार्यक्रम स्थलों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित करें, ताकि कानून व्यवस्था चैकस रहे। सीएमओ से संपर्क कर मेडिकल कैंप व एम्बुलेंस तैनात करायें। विद्युत व्यवस्था में विद्युत विभाग से प्रमाण पत्र लिया जाए। स्टेज-टेंट आदि की व्यवस्था की जा रही है। लोनिवि से प्रमाण पत्र लें। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी से कहा कि शहर में होर्डिंग प्रचार वाहनों से बुंदेलखंड गौरव महोत्सव बाबत प्रचार कराया जाए। जिला विद्यालय निरीक्षक से कहा कि राजकीय विद्यालयों के बच्चों समेत निजी विद्यालयों के बच्चों की भागीदारी करायें। पर्यटन अधिकारी से कहा कि जहां कार्यक्रम हो रहे हैं, रूपरेखा बनाकर दें। इस मौके पर एडीएम एफआर वंदिता श्रीवास्तव, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, एसडीएम सौरभ यादव, सीओ सिटी हर्ष पांडेय, सीओ राजापुर निष्ठा उपाध्याय, सीओ मऊ जयकरन सिंह, डीआईओएस संतोष कुमार मिश्रा, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव, एसडीओ विद्युत अनिल कुमार, कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पांडेय आदि मौजूद रहे।

# पूमाशि संघ के चुनाव में तीसरी बार अध्यक्ष बने विजय पाण्डेय

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पूर्व निर्धारित तिथि पर उप्र जूनियर हाईस्कूल पूमा शिक्षक संघ का चुनाव भरतकूप मंदिर हाल में पर्यवेक्षक/जिलाध्यक्ष बांदा शैलेन्द्र मिश्रा व संयोजक/जिलाध्यक्ष महोबा ओमप्रकाश दीक्षित ने निर्वाचन मंडल अध्यक्ष अनूप तिवारी व मांडलिक मंत्री सुरेश द्विवेदी तथा जिला संरक्षक जय प्रकाश मिश्रा की देखरेख में हुआ।

रविवार को चुनाव की प्रक्रिया मुख्य अतिथि/भरतकूप मन्दिर के महंत लवकुश दास की मौजूदगी में चुनाव में अध्यक्ष, महामंत्री व जिला कोषाध्यक्ष पद पर एक-एक नामांकन मिले। तीनों नामांकन सही मिलने पर तीसरी बार विजय कुमार पाण्डेय निर्विरोध जिलाध्यक्ष, मिथलेश कुमार यादव जिला महामंत्री व विनय कुमार पाण्डेय जिला कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ पर्यवेक्षक ने दिलाई। सैकड़ों शिक्षक प्रतिनिधियों की मौजूदगी में चुनाव हुए। चुनाव में ब्लॉक अध्यक्ष चित्रकूट संजीव श्रीवास्तव, मंत्री प्रेमचंद्र शिवहरे, ब्लॉक अध्यक्ष रामनगर नारायण पाण्डेय, मंत्री राघवेंद्र तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष मानिकपुर शंकरदयाल सिंह, मंत्री खेमराज सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष मऊ शिवबाबू शुक्ला, मंत्री रामशंकर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष पहाड़ी ब्रम्हादीन मिश्रा, मंत्री लवलेश मिश्रा समेत पूर्व जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी राधेश्याम सिंह, रामकृष्ण पाण्डेय, गौरव सिंह, शिवभूषण त्रिपाठी, नीलाभ गुप्ता, वंदना वर्मा, राहुल पाठक, रजनीश, बद्री नारायण दीक्षित, विनोद कुमार मिश्रा, शशिभूषण गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष मूरतध्वज पाण्डेय समेत शिक्षक मौजूद रहे।


माला पहने पदाधिकारी।

# पं उपाध्याय को दी श्रद्धांजलि, गांव चलो अभियान शुरू

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** भाजपा ने जिले की दोनों विधानसभाओं के 11 मंडलों के 124 शक्ति केंद्रों के 851 बूथों पर गांव चलो- बूथ चलो अभियान शुरू किया है। अभियान में जिलाध्यक्ष लवकुश चतुवेर्दी, सांसद आरके सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा, डीसीबी चेयरमैन पंकज अग्रवाल, चेयरमैन कर्वी नगर पालिका नरेन्द्र गुप्ता, नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्र, अमित द्विवेदी, ब्लाक प्रमुख अरविंद मिश्रा, सुशील द्विवेदी, गंगाधर मिश्रा, श्रीमती सुशीला प्रधान, अभियान संयोजक/महामंत्री आलोक पाण्डेय, मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी, अभियान सह संयोजक अखिलेश रैकवार व श्रीमती राजेश्वरी द्विवेदी के साथ सभी जनप्रतिनिधि, जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, मोर्चा पदाधिकारी, ग्राम बूथ संयोजक, प्रवासी के रूप में गांव-गांव बूथ-बूथ जाकर जनसंवाद कर रहे हैं।

भाजपा के पितृ पुरूष अजातशत्रु पं दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस पर ये अभियान उनके प्रति भाजपा कार्यकताओं की सच्ची श्रद्धांजलि है। जिलाध्यक्ष लवकुश चतुवेर्दी ने कहा कि गांव-गांव जाकर भाजपा कार्यकर्ता जनसंवाद कर रहे हैं। भाजपा को घर- घर व जन-जन तक पहुंचाने के सक्रिय अभियान में कार्यकर्ता संकल्पित हैं। जिला संयोजक/जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय ने पं उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कहा कि भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव बूथ-बूथ जाकर भाजपा का विस्तार सुनिश्चित कर दीनदयाल को श्रद्धांजलि दे रहे हैं।

## गुमशुदा बालक को 24 घंटे में किया बरामद

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर गुमशुदा की बरामदगी को जारी ऑपरेशन मुस्कान में प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ राकेश मौर्य की अगुवाई में दरोगा अनिल कुमार मिश्रा ने गुमशुदा बालक को 24 घंटे के अन्दर बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया है। ज्ञात है कि दस फरवरी को बरगढ थाने के करौंदीखुर्द गांव के मिथलेश कुमार पुत्र शारदा प्रसाद यादव ने थाने में सूचना दी कि 16 वर्षीय पुत्र अभिषेक बिना बताये घर से चला गया है। काफी खोजबीन के बाद नहीं मिल रहा। पुलिस ने मामला दर्जकर बरामदगी को दरोगा अनिल कुमार मिश्रा को जिम्मेदारी सौंपी। दरोगा ने प्रयास कर बालक को सवेरे आठ बजे बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया। बालक को पाकर परिजनों के चेहरे के चेहरे खिल उठे। पुलिस की सक्रियता पर आभार जताया। टीम में दरोगा अनिल कुमार मिश्रा, सिपाही आशीष यादव व योगेश कुमार शामिल रहे।

# दस परीक्षा केन्द्रों पर संपन्न हुई समीक्षा अधिकारी परीक्षा

## कडी जांच के बाद परीक्षार्थी गये अन्दर

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के कडे निदेर्शों के चलते जिले में पहली बार उप्र लोक सेवा आयोग ने समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा दस परीक्षा केंद्रों में रविवार को कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई।

रविवार को परीक्षा केंद्रों के मुख्य गेट पर तलाशी के बाद परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में जाने की अनुमति मिली। परीक्षा में पंजीकृत 5558 परीक्षार्थियों में चार हजार परीक्षार्थी शामिल हुए। शेष परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। परीक्षा नोडल अफसर एडीएम श्रीमती बंदिता श्रीवास्तव ने बताया कि परीक्षा जिले के दस केंद्रों में शांतिपूर्ण माहौल में नकलविहीन शासन की मंशानुसार संपन्न हुई हैं। परीक्षा के संचालन को सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापकों समेत सह केंद्र व्यवस्थापक तैनात थे। चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी में पंजीकृत 960 परीक्षार्थियों में 688 शामिल हुए, जबकि 272 गैरहाजिर रहे।

स्टेटिक मजिस्ट्रेट बतौर जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया, केंद्र व्यवस्थापक डॉ रणवीर सिंह चैहान, सह केंद्र व्यवस्थापक डॉ सनत कुमार द्विवेदी के निर्देश पर परीक्षा हुई। समीक्षा अधिकारी की परीक्षा को एसडीएम/सेक्टर मजिस्ट्रेट प्रमोद कुमार झा ने निरीक्षण कर जायजा लिया। स्टेटिक मजिस्ट्रेट बतौर जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला, केंद्र व्यवस्थापक श्रीनिवास त्रिपाठी, सह केंद्र व्यवस्थापक नरेंद्र मिश्रा की देखरेख में परीक्षा हुई। परीक्षा विभाग के विवेक तिवारी, वीरेंद्र शुक्ला, डॉ प्रदीप कुमार सिंह, रामगोपाल दुबे, डॉ आलोक कुमार शुक्ला, रामबचन सिंह, फूलचंद चंद्रवंशी, तीरथ पटेल, ऋषि कुमार शुक्ला, डॉ रमेश सिंह चंदेल, शंकर प्रसाद यादव, शक्ति सिंह सेंगर, रामशरण, हरिश्चंद्र, ललक सिंह, रमेश कुमार, पुष्पेंद्र, प्रदीप शुक्ला, राकेश सिंह सभी शिक्षकों ने सहयोग किया। सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था को पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा।


परीक्षा बाद सुकून की सांस लेते केन्द्र व्यवस्थापक आदि।

## अवैध कब्जाधारी विकास कार्यों में डाल रहे बाधा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** भरतकूप तीर्थ स्थल में पर्यटन विभाग से निर्माण कार्यों को लेकर मंजूरी मिलने के बाद भी निर्माण कार्य अधर में लटके हैं। भरतकूप तीर्थ स्थल की जमीन पर कई दुकानदारों ने अवैध ढंग से कब्जे किये हैं।

रविवार को अवैध कब्जाधारकों का खुलासा हुआ। बताया गया कि भरतकूप मन्दिर स्थल पर निर्माण कार्य में कुछ दुकानदार रोड़े डाल रहे हैं। दूर-दराज से आने वाले तीर्थ यात्रियों को मूलभूत सुविधायें नहीं मिल रहीं। उप्र पर्यटन विभाग ने निर्माण कार्य को लेकर मंजूरी दी है। अवैध कब्जाधारी निर्माण कार्य में बाधा खडी कर रहे हैं। इसे लेकर थाना समाधान दिवस में महंत लवकुश दास ने जिले के उच्चाधिकारियों से लेकर थाना-चैकी का दरवाजा खटखटाया है। महंत लवकुश दास ने अधिकारियों को लिखे पत्र में बताया कि अतुल गुप्ता, कमल गुप्ता, कृष्ण मुरारी आदि लोग मंदिर विकास कार्यों में बाधा डाल रहे हैं। निर्माण कार्य को जो मजदूर व मिस्त्री आते हैं, उन्हें डरा-धमकाकर भगा देते हैं। पूर्व में यात्रियों के ठहरने को यात्री प्रतीक्षालय बना था, जो जर्जर हालत में है। कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इसे लेकर महंत ने चिंता जताई है। क्षेत्रीय थाने में तहरीर देकर मंदिर विकास कार्यों में बाधा डालने वालों पर कार्रवाई की मांग की है।

# रजिस्ट्री कार्यालय: चोरी-आगजनी का खुलासा, चार चोर माल समेत दबोचे

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कोतवाली कर्वी जिला मुख्यालय में रजिस्ट्री कार्यालय में 23-24 जनवरी की रात चोरी व आगजनी का खुलासा किया है। चार चोरों को चोरी के माल समेत दबोचा है। एसपी ने पुलिस टीम को 15 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया है।

रविवार को पुलिस अधीक्षक ने पत्रकारों से कहा कि 23-24 की रात धुस मैदान स्थित रजिस्ट्री कार्यालय में अज्ञात चोरों ने चोरी कर कार्यालय में आग लगा दी थी। इस बाबत सब-रजिस्ट्रार राजेश सिंह ने कोतवाली कर्वी में मामला दर्ज कराया था। एसपी ने घटना को गम्भीरता से लेते हुए खुलासे के के निर्देश कर्वी कोतवाल व एसओजी को दिये थे। एसओजी व कोतवाली कर्वी पुलिस की संयुक्त टीम ने 11 फरवरी को विवेचना से प्रकाश में आये चार लोगों को मुखबिर की सूचना पर भैरोपागा डॉट पुल के पास से चोरी करने के उपकरण व चोरी के माल समेत गिरफ्तार किया। पूंछतांछ में चोरों ने बताया कि 23-24 की रात सात दोस्त एक साथ रजिस्ट्री कार्यालय के पास शराब पी रहे थे। कार्यालय के अंदर चोरी करने की योजना बनायी। लोहे के हथौड़े से रजिस्ट्री कार्यालय की खिड़की में लगी एसी तोड़कर अंदर घुसे। वहां रखे तीन लैपटॉप चोरी कर लिये। तिजोरी तोड़ने के प्रयास किये। चोरी की घटना को दूसरा रुप देने को बैनामा कागजातों में आग लगा दी। सीसीटीवी में पहचान न हो, सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिये। एसी का सामान बोरी में भर ले गये। माल बरामदगी पर धारायें बढाई। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी को प्रयास जारी हैं। चोरों में दीपक यादव पुत्र मुन्नालाल यादव निवासी कसहाई रोड कुंजनपुरवा, अजय यादव पुत्र रिंकू यादव निवासी जनकपुरी मंदाकिनी नदी के बगल में, अरमान पुत्र अली हुसैन निवासी सहज गर्ल्स इंटर कॉलेज के पास द्वारिकापुरी व अर्पित निषाद पुत्र अशोक निषाद निवासी घुस मैदान नावघाट हैं। टीम में एसओजी प्रभारी निरीक्षक एमपी त्रिपाठी, दीवान नितेश समाधिया, सिपाही रोहित सिंह, आशीष यादव, रोशन सिंह, ज्ञानेश मिश्रा, पवन राजपूत व कोतवाली कर्वी टीम में कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय, दरोगा अनिल कुमार गुप्ता, सिपाही कुलदीप द्विवेदी, राहुल देव शामिल रहे। पत्रकार वार्ता में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय मौजूद रहे।


पुलिस टीम के साथ चोर व पत्रकारों से बात करते एसपी आदि।

## बनने के बाद नहीं खुला सामुदायिक शौचालय

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** एक ओर सरकार गांव में खुले में शौच की रोकथाम को प्रयास कर रही है, वहीं गांव के सामुदायिक शौचालय में ताला लगा है। ये मामला है रामनगर ब्लाक के सिरावल माफी गांव का। बताया गया कि शासन के निर्देश पर हर गांव में सामुदायिक शौचालय बनये गये हैं, ताकि लोग खुले में शौच न जायें। शौचालय का उपयोग करें। सिरावल माफी गांव में सामुदायिक शौचालय बनने के बाद आज तक ताला लगा है। ताले में जंग तक लग गया है। लोग खुले में शौच जाने को मजबूर हैं। प्रधान शासन की मंशा पर बट्टा लगाने को कोई कसर नहीं छोड़ रहा। ऐसे प्रधान व सफाई कर्मी पर प्रशासन क्या कार्रवाई करेगा।


शौचालय में लटक रहा ताला।

# नाबालिक से दुष्कर्म के वांछित समेत सात वारंटी दबोचे

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वारंटी/वांछित की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने एक वांछित व सात वारंटी दबोचे हैं।

रविवार को राजापुर थाने के अपराध निरीक्षक बलवान सिंह ने दीवान बुद्धीलाल वर्मा के साथ दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट तथा आईटी एक्ट के वांछित हरिओम पुत्र रामलखन निषाद निवासी रगौली को गिरफ्तार किया। मऊ थाने के दरोगा गंगाचरण ने सिपाही राहुल पाण्डेय के साथ विद्युत अधिनियम के वारंटी देव कुमार पुत्र लल्लू निवासी सुहेल को गिरफ्तार किया। मानिकपुर थाने के वरिष्ठ दरोगा रामवीर सिंह ने सिपाही विमलेश के साथ आबकारी अधिनियम के वारंटी आकाश चैधरी पुत्र गया प्रसाद चैधरी निवासी जवाहरनगर को गिरफ्तार किया। कोतवाली कर्वी के दरोगा राकेश सिंह ने एनआई एक्ट के वारंटी आशीष कुमार पाण्डेय पुत्र चन्द्रभान पाण्डेय निवासी जेएम स्कूल के पीछे भरतपुरी को गिरफ्तार किया। भरतकूप थाने के दरोगा पवन कुमार त्रिपाठी ने सिपाही संदीप लोधी के साथ घर में घुसकर चोरी के वारंटी मूलचंद्र उर्फ मुरमुंडा पुत्र रामपति त्रिपाठी निवासी कोरारी को गिरफ्तार किया। पहाडी थाने के दरोगा खलील अहमद ने सिपाही गुड्डू यादव के साथ एनआई एक्ट के वारंटी विजयपाल यादव पुत्र शिवऔतार यादव निवासी मझियार को गिरफ्तार किया। मारकुण्डी थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने सिपाही प्रदुम्न दुबे के साथ आबकारी अधिनियम के वारंटी नन्दू कोल पुत्र रामलाल निवासी अमचुर नेरुआ को गिरफ्तार किया। बरगढ थाने के दरोगा अनिल कुमार मिश्रा ने शान्तिभंग के वारंटी सुनील कुमार आदिवासी पुत्र बच्चालाल कोल निवासी महरजा बोझ को गिरफ्तार किया।

## महंत की पुण्यतिथि पर भंडारे में लोगों ने चखा प्रसाद

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** नामदेव दर्जी समाज धर्मशाला परिक्रमा मार्ग बरहा हनुमान मंदिर खोही समिति अध्यक्ष अशोक नामदेव व प्रबंधक राकेश नामदेव ने बताया कि नामदेव दर्जी समाज धर्मशाला के ब्रम्हलीन महंत सालिकराम महराज जो पड़ोसी राज्य मप्र के सतना जिले के बरौंधा थाने के पाथरकछार में नामदेव परिवार में जन्मे थे। सोलह वर्ष की आयु में घर-परिवार छोड़कर चित्रकूट स्थित नामदेव दर्जी समाज धर्मशाला में रहने लगे थे। संत जीवन काल में धर्मशाला का रख-रखाव व कमरे का निर्माण कराया था। 96 वर्ष की आयु में 22 जनवरी 2024 को ब्रम्हलीन हो गये। संत समाज अनुसार नामदेव दर्जी समाज धर्मशाला समिति संरक्षक डा हरीशंकर नामदेव, प्रबंधक राकेश नामदेव, अध्यक्ष अशोक नामदेव, उपाध्यक्ष बिनोद कुमार नामदेव, कुलदीप नामदेव के सहयोग से अंतिम संस्कार हुआ। हिन्दू रीति-रिवाज अनुसार/संत-समाज अनुसार माघ माह की अमावस्या पर आत्मा शान्ति को हवन-पूजन बाद कन्याओं व संत समाज को भोजन कराकर विदाई दी गई। विशाल भंडारे व सांस्कृतिक कार्यक्रम सफल बनाने में निमाड़ मालवा नामदेव समिति संरक्षक संतोष मंडवाल, राजेन्द्र वर्मा, वरिष्ठ संरक्षक शिवशंकर श्रीवास्तव, श्रीनिवास नामदेव, सुरेन्द्र नामदेव, कीरतराम नामदेव, उर्मिला नामदेव, बैजनाथ नामदेव आदि मौजूद रहे।

# योगी के बजट पर बोले माकपाई- योगी सरकार ने की किसानों से हिकारत, पूंजीपतियों को सौगात

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश किसान सभा के कार्यकारिणी सदस्य का रूद्र प्रसाद मिश्र एड ने योगी सरकार के बजट पर कहा कि बजट किसानों के हित में नहीं है। पूंजीपतियों को चुनाव में मदद लेने को फायदा पहुंचाने वाला है। लम्बी लड़ाई व कुर्बानियों के बाद भूमि अधिग्रहण कानून 2013 बना था, योगी सरकार कानून को एक तरफ कर बैनामा से जमीने ले रही है।

रविवार को उत्तर प्रदेश किसान सभा के कार्यकारिणी सदस्य का रूद्र प्रसाद मिश्र एड ने कहा कि लम्बी लड़ाई बाद 64.7 फीसदी अतिरिक्त प्रतिकर देने की लड़ाई जीती थी। यमुना एक्सप्रेस-वे में जेपी इंफ्राटेक ने ली जमीनों का दस हजार किसानों को 64.7 फीसदी अतिरिक्त प्रतिकर नहीं दिया। सुरक्षा समूह 64.7 फीसदी अतिरिक्त प्रतिकर बांटने को तैयार हैं। प्रस्ताव प्राधिकरण बोर्ड बैठक में पास हो चुका है। सितम्बर से प्रस्ताव अनुमोदन को योगी के पास लम्बित है। दस फीसदी विकसित भू-खण्ड देने का लिखित समझौता ग्रेटर नोएडा कार्यालय पर चार माह चले आंदोलन बाद हुआ था। यूपी से बाहर के व्यापारियों को मंडी शुल्क चुकाये बिना किसानों से फसल सीधे खरीदने की अनुमति दी है। बिना शुल्क चुकाये यूपी का व्यापारी अन्य मंडियों में फसल बेंच सकेगा। योगी सरकार के फैसले किसान विरोधी व पूंजीपतियों के हित में है। विदेशी कंपनियों को खेती के दरवाजे खोलने वाले हैं। मजबूरी में किसानों को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है। चेतावनी के बाद भी किसान सभा के साथ अन्य तीन संगठनों ने आठ फरवरी को दिल्ली कूच का नारा दिया था। भारी पुलिस बल से हजारों किसानों को उप्र सरकार ने दिल्ली जाने से रोका। यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के खिलाफ 64.7 फीसदी अतिरिक्त प्रतिकर के भुगतान की मांग को लेकर किसान अगले सप्ताह से निर्णायक आंदोलन शुरू करने जा रहे हैं। बजट पर चर्चा को किसान सभा के जिलाध्यक्ष का चुनकूराम पाल एड की अध्यक्षता में बैठक हुई। का शिवमोहन यादव एड, का गिरधर मिश्रा, का अजय सिंह, का लल्लूराम त्रिपाठी, का शिवम द्विवेदी, का रामसहाय, का वीरबहादुर, का देवराज आदि मौजूद रहे।

## साडियां पाकर महिलाओं के चेहरे खिले

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पारस जन कल्याण संस्थान की चेयरमैन पारसरानी शिवहरे ने चकमाली गांव में जरूरतमंद महिलाओं को साड़ियां बांटी। रविवार को पारसरानी शिवहरे हमेशा जनकल्याण के कार्य करती है। उन्होंने कहा कि सामाजिक कार्यों को समय निकालकर जरूरतमंदों के बीच पहुंचती है। उनकी जरूरतों को देखकर मदद करती हैं। साड़ियां पाकर महिलाओं के चेहरे खिल उठे। उन्होंने कहा कि ईश्वर की कृपा ऐसे ही बनी रहे तो हमेशा जरूरतमंदो की चिंता करती रहेगी। आने वाले समय में सामाजिक कार्यक्रम जारी रहेंगे। बिना किसी सरकारी व गैरसरकारी मदद के साडियां बांटने का काम कई वर्षों से जिले के अलग- अलग स्थानों पर कर रही हैं।

# हादसे में बेटे की मौत, मां घायल

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** शिवरामपुर चैकी क्षेत्र में सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर मृत्यु हो गई, जबकि एक महिला बुरी तरह घायल है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा।

ये हादसा शनिवार को देर रात जिला मुख्यालय से अतर्रा की ओर बाइक से सूरज अपनी मां के साथ जा रहा था। चैहान ढाबा के पास ट्रक ने सामने से बाइक सवार को ठोकर मार दी। मौके पर बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि मां रेणु देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। एम्बुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

मां-बेटा रिश्तेदार की बर्थडे पार्टी में आये थे। पार्टी समाप्त होने के बाद अतर्रा स्थित घर जा रहे थे। हादसे की सूचना पर मृतक सूरज की पत्नी ममता का रो-रोकर बुरा हाल है। एक साल पहले सूरज की शादी हुई थी। इस बाबत चैकी प्रभारी शिवरामपुर सत्यम त्रिपाठी ने बताया कि हादसे को अंजाम देने वाले ट्रक को पकड़ लिया गया है।


मर्चरी में विलखते परिजन।

# भारत-नेपाल अन्तरदेशीय पेट्रोलियम पाइपलाइन का निर्माण मार्च तक पूरा करने का लक्ष्य

## भारत में लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री मोदी से उद्घाटन कराने की योजना

**काठमांडू।** भारत सरकार के सहयोग से अन्तरदेशीय पेट्रोलियम पाइपलाइन के दूसरे चरण का काम मार्च के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। भारत में लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू होने से पहले ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से इसका उद्घाटन कराने की योजना है। बिहार के मोतिहारी से नेपाल के अमलेषगंज के बीच इस पाइपलाइन का निर्माण होने के बाद डीजल की तरह ही पेट्रोल और केरोसिन ऑयल की सीधी आपूर्ति हो सकेगी। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) के वरिष्ठ अधिकारियों का एक दल इन दिनों निमार्णाधीन अन्तरदेशीय पाइपलाइन की प्रगति का निरीक्षण करने नेपाल आया है। इस निरीक्षण दल ने बीरगंज से लेकर अमलेषगंज तक हो रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया है। अमलेषगंज डिपो के प्रमुख विनीत मणि उपाध्याय ने



बताया कि अब तक 60 प्रतिशत कार्य सम्पन्न हो चुका है और अगले दो महीनों में इस काम को पूरा करने का निर्देश ठेकेदार कंपनी को दिया गया है।
आईओसी के कंट्री मैनेजर निरूपम रायजादा ने ठेकेदार कंपनी को जनशक्ति बढ़ाने और तीन शिफ्ट यानि चौबीस घंटे काम को जारी रखने को कहा है। इस पेट्रोलियम पाइपलाइन के प्रोजेक्ट मैनेजर धर्मेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि हर हाल में मार्च के अंत तक प्रोजेक्ट पूरा करने के लक्ष्य के साथ ही सब लोग इसमें लगे हुए हैं। आईओसी के प्रतिनिधियों ने कहा कि अगर किसी बात की समस्या है तो अभी बताएं लेकिन हर हाल में इसे तय सीमा पर ही पूरा करना होगा। भारत में लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू होने से पहले ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से इसका उद्घाटन कराने की योजना है।
इस पेट्रोलियम पाइपलाइन के निर्माण पर कुल 214 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। इसमें 100 करोड़ रुपये का निवेश आईओसी की तरफ से किया जा रहा है, जबकि बाकी के 114 करोड़ रुपये का निवेश नेपाल ऑयल निगम कर रहा है। भारत सरकार के पूर्ण सहयोग से पाइपलाइन के पहले चरण का उद्घाटन 2020 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नेपाल के तत्कालीन प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने संयुक्त रूप से किया था। उस पाइपलाइन से इस समय डीजल का आयात किया जा रहा है। नई बनने वाली पाइपलाइन से पेट्रोल और केरोसिन ऑयल का आयात किया जाएगा।

# बांग्लादेश में रुलाने लगा प्याज, 120 टका में एक किलो



**ढाका।** बांग्लादेश में आम आदमी के लिए प्याज खरीदना मुश्किल हो गया है। एक सप्ताह में प्रति किलोग्राम प्याज के मूल्य में 30 टका (बांग्लादेश की मुद्रा टका है ) का इजाफा हुआ है। भारतीय मुद्रा में एक टका का मूल्य 76 पैसे होता है। इस समय बांग्लादेश में एक किलोग्राम प्याज 120 टका में बिक रहा है। ढाका ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, हालांकि पिछले सप्ताह रसोई की कई वस्तुओं की कीमत में कमी देखी गई है, लेकिन प्याज की कीमत अनियंत्रित बनी हुई है। पिछले हफ्ते प्याज का मूल्य प्रति किलोग्राम 90 टका था। सात दिन में यह बढ़कर 120 टका हो गया है। ढाका के प्रमुख आलू-प्याज विक्रेता एमडी सलीम का कहना है कि यह सचमुच चिंताजनक है। प्याज की कीमत लगातार बढ़ रही है। पिछले शुक्रवार को उन्होंने एक किलोग्राम प्याज 90 टका में बेची। अब वह 120 टका प्रति किलोग्राम पर बेचने को विवश हैं। दुर्भाग्य से इस उतार-चढ़ाव पर नियंत्रण उनके वश में नहीं है। सलीम का कहना है कि रमजान से पहले कीमत में कटौती की कोई संभावना नहीं है।

# पाकिस्तान में नवाज शरीफ को सेना का समर्थन, गठबंधन सरकार के लिए सौदेबाजी शुरू

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में गुरुवार को हुए चुनाव के पूरे परिणाम अभी तक घोषित नहीं हो पाए हैं लेकिन त्रिशंकु संसद के आसार के बीच सेना ने नवाज शरीफ का समर्थन किया है। इसी के साथ गठबंधन सरकार के लिए सौदेबाजी शुरू हो गई है। हालांकि, जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान-तहरीक-ए-इंसाफ समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार चुनाव में शानदार प्रदर्शन करके संख्याबल में सबसे अधिक हैं।
पीएमएल-एन और पीपीपी ने गठबंधन सरकार के लिए प्रयास तेज करके सौदेबाजी शुरू कर दी है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के अध्यक्ष शहबाज शरीफ ने अपनी पार्टी के नेताओं को बताया है कि पूर्व राष्ट्रपति आसिफ जरदारी ने पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी के लिए प्रधानमंत्री पद की मांग की है। पीपीपी ने अपनी इस शर्त को मानने पर गठबंधन सरकार बनाने पर सहमति व्यक्त की है। शहबाज ने पार्टी नेताओं को बताया कि जरदारी ने पेशकश की कि बदले में



पीपीपी पंजाब में अपनी सरकार बनाने के लिए पीएमएल-एन का समर्थन करेगी।
रिपोर्ट के अनुसार पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने शुक्रवार रात पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और बिलावल से मुलाकात की और भविष्य के गठबंधन पर चर्चा की। इसके बाद शनिवार को दिन में पीएमएल-एन नेताओं ने केंद्र के साथ-साथ पंजाब में भावी सरकार बनाने के लिए विभिन्न विकल्पों पर चर्चा की।
शहबाज शरीफ ने सीनेटर इशाक डार, ख्वाजा साद रफीक, सरदार अयाज सादिक, मरियम औरंगजेब, मलिक मुहम्मद अहमद खान, सीनेटर आजम नजीर तरार, अताउल्लाह तरार, ख्वाजा इमरान नजीर और अन्य ने नई परिस्थितियों पर चर्चा की है।
रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान के आम चुनाव में किसी भी पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने के मद्देनजर सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने गठबंधन सरकार बनाने के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के आह्वान का समर्थन किया। इस बीच कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर-उल-हक काकड़ ने कहा कि उन्हें देश में गठबंधन सरकार बनने की उम्मीद है। हालांकि, जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने चुनाव में नेशनल असेंबली की 100 सीट पर जीत हासिल कर सबको हैरान कर दिया है।
पाकिस्तान चुनाव आयोग के 265 में से 255 सीटों के घोषित परिणाम के अनुसार पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने 73, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने 54 और मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट (एमक्यूएम) ने 17 सीट पर जीत हासिल की है। अन्य 11 सीटों पर छोटे दलों को जीत मिली है। सरकार बनाने के लिए किसी भी पार्टी को नेशनल असेंबली में 265 में से 133 सीट जीतनी होगी। एक उम्मीदवार की मौत के बाद एक सीट पर चुनाव स्थगित कर दिया गया था। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान में सेना को काफी शक्तिशाली माना जाता है। उसने पिछले 75 से अधिक वर्षों में आधे से अधिक समय तक शासन किया है।

# यूक्रेन के खारकीव पर रूस ने किया ड्रोन हमला, सात की मौत

**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी जंग थमने का नाम नहीं ले रही है। यूक्रेन के खारकीव शहर पर रूस ने ड्रोन से हमला किया। शुक्रवार-शनिवार की रात के हमले में सात लोगों की मौत हुई है। इनमें तीन बच्चे भी शामिल हैं, जबकि चार लोग घायल हुए हैं। रूस की ओर से रातभर में खारकीव के उत्तर पूर्वी क्षेत्र और ओडेसा के दक्षिणी प्रांत को बनाया गया था।
खारकीव के क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह सिनिहुबोव ने शनिवार को बताया कि ईरान निर्मित ड्रोन से नेमिश्लियन जिले में नागरिक बुनियादी ढांचा को निशाना बनाया गया।
रूसी हमले के कारण भीषण आग भड़क उठी, जिसमें 15 घरों को भी नुकसान पहुंचा है। गृह मंत्री इहोर क्लिमेंको ने कहा कि वहां से 50 लोगों को निकाला गया है। आपातकालीन कर्मियों की ओर से शनिवार सुबह आग पर काबू पाया जा सका।
ओडेसा के क्षेत्रीय गवर्नर ने कहा कि रात भर में किए गए ड्रोन हमले में चार लोग घायल हुए हैं। हमले तीन चरणों में किए गए। सबसे पहले ओडेसा के बंदरगाह क्षेत्र को निशाना बनाया गया। इस दौरान सभी नौ ड्रोन मार गिराए गए लेकिन ड्रोन के गिरने वाले मलबे की चपेट में आकर बंदरगाह के बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है। साथ ही एक शख्स घायल हुआ है। दूसरे और तीसरे चरण में डेन्यूब नदी के इलाके वाले बंदरगाह के ढांचे को निशाना बनाया गया। यूक्रेन ने कहा है कि यहां 12 ड्रोन मार गिराए गए। इस दौरान तीन लोग घायल हुए।
यूक्रेन की वायु सेना ने कहा कि रूस की ओर से भेजे गए 31 में से 23 ड्रोन मार गिराए गए। ड्रोन ने सबसे पहले खारकीव के उत्तर पूर्वी क्षेत्र और ओडेसा के दक्षिणी प्रांत को निशाना बनाया था।

## रूस की हार असंभव, लेकिन युद्ध रुक सकता है : पुतिन

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि रूस को हराना 'असंभव' है और युद्ध खत्म करना यूक्रेन के हाथ में है. अमेरिकी पत्रकार टकर कार्लसन के साथ बातचीत में पुतिन ने पोलैंड और लातविया पर भी बात की. रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिकी पत्रकार टकर कार्लसन को इंटरव्यू दिया है. इसमें उन्होंने यूक्रेन युद्ध, रूस में कैद अमेरिकी पत्रकार और नाटो के विस्तार जैसे मुद्दों पर कई संकेत दिए. वहीं तमाम लोग इसे 'एकतरफा इंटरव्यू' बता रहे हैं, क्योंकि ज्यादातर वक्त पुतिन ही बोलते रहे और कार्लसन ने पूरक सवाल नहीं किए।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

# आबू धाबी के पहले हिन्दू मंदिर को लेकर प्रवासी भारतीयों में उत्साह

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 14 फरवरी को करेंगे मंदिर का उद्घाटन

**आबू धाबी।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की राजधानी आबू धाबी में पहला हिन्दू मंदिर बनने और इसका उद्घाटन भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किए जाने को लेकर प्रवासी हिन्दुओं के साथ स्थानीय लोगों में भी उत्साह है। प्रधानमंत्री मोदी 14 फरवरी को मंदिर का उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री मोदी स्थानीय स्टेडियम में प्रवासी भारतीयों के एक सार्वजनिक कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अनुष्ठान 10 फरवरी से शुरू हो चुका है। यह मंदिर 27 एकड़ में बना है, जिस पर लगभग 900 करोड़ रुपये की लागत आई है। मंदिर का निर्माण बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) ने कराया है।
दुबई स्थित भारतीय व्यापार एवं उद्यम परिषद के संयोजक एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट डॉ. साहित्य चतुर्वेदी ने हिन्दुस्थान समाचार से कहा कि आबूधाबी में सनातन मंदिर की स्थापना अनेक संस्कृतियों का एक सम्मिलन है, जो भारत और अरब सागर की तटवर्ती सभ्यता को निकटता से जोड़ने का काम करेगा। मंदिर परिसर के लिए



यूएई सरकार का भूमि देने से लेकर शिलान्यास, शिखर निर्माण तक पूरे मनोयोग से सहयोग देना अत्यंत ही सराहनीय है। इस भव्य मंदिर का निर्माण प्राचीन पद्धति से किया गया है। वास्तव में कहा जाये तो यह मानव सभ्यता का मंदिर है, जो कि विश्व को एक कुटुम्ब की भावना के प्रति प्रेरित कर रहा है।
उन्होंने बताया कि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान 10 फरवरी से शुरू हो चुके हैं। प्राण प्रतिष्ठा के बाद भी 20 फरवरी तक विभिन्न आयोजन होंगे। मंदिर में 108 यज्ञ वेदियों का निर्माण किया गया है।
डॉ. चतुर्वेदी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी 14 फरवरी को मंदिर का उद्घाटन करेंगे। साथ ही मंदिर निर्माण में सहयोगी बने प्रमुख दानदाताओं को भी आमंत्रित किया गया है। प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रधानमंत्री मोदी आबूधावी के स्टेडियम में भारतीय समुदाय को संबोधित भी करेंगे। इस स्टेडियम में 50 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था है। इस मौके पर भारत और यूएई की कुल 180 छात्र-छात्राएं दोनों देशों के राष्ट्रीय गीत के साथ मोदी का स्वागत करेंगे। इसके बाद 18 फरवरी से यूएई का हिंदू मंदिर जनमानस के लिए खोल दिया जाएगा।
आबूधाबी में पहले हिन्दू मंदिर के निर्माण को लेकर दुबई में स्टील व्यवसाय से जुडे भारतीय मूल के इंजीनियर धैर्य नारायण झा ने कहा कि अबूधाबी में हिन्दू मंदिर निर्माण होने से हम सब बहुत प्रसन्न हैं। यह मंदिर यहां के प्रवासी भारतीयों के अलावा पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनेगा। इस मंदिर का निर्माण यह भी दशार्ता है कि यूएई में किस तरह की विविधता और समावेशिता है। भारत में भी विविधता में एकता की विशेषता है। मुझे गर्व है कि भारत और यूएई दोनों इसी तरह के मूल्यों का पालन करते हैं।
इस संबंध में दुबई की शिक्षिका सना सुलेमान ने कहा कि सामूहिक प्रयास से यहां हिन्दू मंदिर बनना खुशी की बात है। सभी धर्मों के लोग शांतिपूर्वक और आपस में मिलजुल रह सकते हैं, इसका एक अच्छा उदाहरण दुबई है।

# इजराइली हवाई हमले में 28 फलस्तीनियों की मौत

**रफाह (गाजा)।** इजराइल की वायु सेना ने गाजा के दक्षिणी शहर रफाह में जमकर हवाई हमले किये। इस हमले में 28 फलस्तीनियों की मौत हो गई।
एक स्वास्थ्य अधिकारी के अनुसार शनिवार तड़के रफाह क्षेत्र में घरों पर तीन हवाई हमले किए गए। हमले में तीन परिवारों के कई सदस्यों की मौत हो गई, जिनमें कुल 10 बच्चे थे। इनमें तीन माह का बच्चा भी था।
रफाह शहर के अधिकारियों के अनुसार शनिवार को एक और हमले में नागरिक पुलिस के तीन वरिष्ठ अधिकारी मारे गए।
एक हमले में फादेल अल-घन्नम ने अपने बेटे, बहू और चार पोते-पोतियों को खो दिया। मलबे के बीच खड़े होकर उन्होंने कहा कि इस हमले ने उनके प्रियजनों के शवों को टुकड़े-टुकड़े कर दिया। उन्होंने रफाह पर जमीनी आक्रमण के और भी बदतर होने की आशंका जताई और कहा कि दुनिया की चुप्पी ने इजराइल को आगे बढ़ने में सक्षम बनाया है। उन्होंने कहा कि आज तक, दुनिया हमारे प्रति निष्पक्ष नहीं रही है और उसने हमें हमारे अधिकार नहीं दिए हैं।
उल्लेखनीय है कि इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के रफाह से आमलोगों को निकालने और हमास पर हमले की दोहरी योजना की घोषणा के बाद से वहां मौजूद लोगों की सांसें अटकी हुई हैं। करीब 12 लाख लोग वहां फंसे हुए हैं। हालांकि बेंजामिन नेतन्याहू ने समय रेखा नहीं दी लेकिन घोषणा के बाद से व्यापक दहशत फैल गई।

# फिलीपींस में भूस्खलन से मरने वालों की संख्या बढ़कर 35 हुई, 77 लापता

**मनीला।** दक्षिणी फिलीपींस के दवाओ डी ओरो प्रांत के गांवों में हुए भीषण भूस्खलन में मरने वालों की संख्या 27 से बढ़कर 35 हो गई है, जबकि 77 अन्य लापता हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।
समाचार एजेंसी शन्हिुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मैको नगरपालिका प्रशासन ने शनिवार को कहा कि 32 लोगों को भूस्खलन से बचाया गया है, जो मंगलवार रात मैको शहर में एक खनन स्थल के पास हुआ था और साइट पर खनिकों को ले जाने वाली दो बसों सहित कई घर और वाहन दब गए थे। पहाड़ से नीचे



गिरी मिट्टी, चट्टानों और पेड़ों के नीचे दबे लापता ग्रामीणों को खोजने के लिए खोज और पुनर्प्राप्ति अभियान जारी है।